52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 20.8°c अधिकतम 29.2 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:04 सूर्यास्त : 6:22 | वर्ष : 52/ अंक : 257 | सोमवार, 16 सितम्बर 2024 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

**अमृतवाणी**

आज का संघर्ष जितना ज्यादा होगा कल सफलता भी उतनी ही अच्छी होगी।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

समाज के लिए अखिलेश यादव हितकर नहीं हैं, इसलिए संतों के साथ उन्हें तिलांजलि दे दी गई : दिवाकराचार्य महाराज अयोध्या



मठाधीशों के सम्मान में.... यह आध्यात्मिक विरोध माना जाएगा ....

# कैंटर व कार की टक्कर में दो युवकों की दर्दनाक मौत

**गौवंश बचाने के चक्कर में ग्यारहवीं के दो छात्रों की हुई दुःखद मौत**

**मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बु.)।** देर शाम मंसूरपुर थाना क्षेत्र के संधावली बाईपास पर एक दुखद हादसे में फ्रैंड्स कालोनी निवासी युवक की मौत हो गई। फ्रैंड्स कालोनी का रहने वाला आदित्य पांचाल पुत्र आकाश पांचाल किसी कार्य से अपने साथी शोभित जैन व अमित जैन निवासी नई मंडी के साथ मंसूरपुर की ओर कार से जा रहे थे, तभी संधावली बाईपास के निकट अचानक ही एक गौवंश बछड़ा आगे आ गया। उक्त बछड़े को बचाने के चक्कर में कार की टक्कर गौवंश से होते हुए एक कैंटर से जा भिड़ी और कार चला रहे युवक अपने नियंत्रण खो बैठे। बताया जाता है कि घटनास्थल पर ही आदित्य पंचाल की दुखद मृत्यु हो गई थी तथा उसका साथी शोभित जैन पुत्र अमित जैन शाहपुर वाले गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायलावस्था में जब शोभित को अस्पताल ले जाया जा रहा था तो रास्ते में शोभित ने भी दम तोड़ दिया। घटना की सूचना जैसे ही दोनों परिवारों को पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। देर रात दोनों युवकों का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के दौरान मंत्री कपिल देव अग्रवाल जिला चिकित्सालय भी पहुंचे और पांचाल परिवार के लोगों को अस्पताल में तथा शोभित जैन के परिवार में जाकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। जिस किसी ने भी दुर्घटना के दौरान का दृश्य देखा वह सकते में रह गया। बताया जाता है कि दुर्घटना के दौरान गौवंश की भी मौके पर ही मौत हो गयी थी। दोनों युवकों का अंतिम संस्कार सोमवार को किया जायेगा।







**मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने दी शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना**

## संभ्रांत परिवार के चिराग थे आदित्य व शोभित

**मुजफ्फरनगर।** दुखद दुर्घटना में हादसे का शिकार हुए आदित्य पांचाल फ्रैंड्स कालोनी स्थित चिल्ड्रन एकेडमी के स्वामी बिशम्भर पांचाल का पौत्र था। वहीं दूसरी ओर शोभित जैन शाहपुर के शांति देवी जैन डिग्री कॉलेज के स्वामी स्व. सुभाष जैन का पौत्र था। जैसे ही हादसे की सूचना परिवार में पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोग आनन फानन में मोर्चरी पहुंचे। उक्त दुखद हादसे की बात सुनकर पहले तो परिवार को यकीन ही नहीं हुआ कि मौके पर ही उनके पौत्र की जान चली गई, मगर जब वे मोर्चरी पहुंचे तो परिवार के लोग हाथ मलने पर मजबूर थे, क्योंकि पौत्र की सांसें नहीं चल रही थी। आदित्य पांचाल की मौत हो मौके पर ही हो गयी उसके बाद शोभित जैन की सांसे भी मेरठ पहुंचने से पहले ही रुक गयी। देर रात्रि में मंत्री कपिल देव अग्रवाल दोनों परिवारों के बीच उक्त दुखद घटना पर शोक व्यक्त करने के लिए पहुंचे।

# बारिश का कहर, पानी पर तैरा शहर

- तमाम इलाकों में नाले उफने तो घरों व दुकानों में भरा पानी
- निचली आबादियों में जलभराव से हालात बुरी तरह से बिगड़े
- शहर का कोई भी इलाका बाढ़ के नजारे से अछूता नहीं रहा
- बारिश के बाद पारा लुढकने से होने लगा ठंड का अहसास

**मुजफ्फरनगर, 15 सितंबर (बु.)।** दो दिन से रिमझिम के बाद बीती रात अचानक आई जोरदार बारिश के कारण एक बार फिर शहर को बदहाली के दौर से गुजरना पड़ा। बारिश का दौर सुबह तक चला। दौंगडे वाली बारिश के चलते शहर की मुख्य सड़कों से लेकर गली मुहल्लों तक भारी जल भराव के कारण सैलाब जैसे हालात नजर आए। नालों के उफनने के कारण कई इलाकों में तो घरों के भीतर पानी घुस जाने से तमाम सामान भीग गया। लोग बेबस होकर नजारा देखते रहे। नगर में आज 54.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके साथ ही तापमान अधिकतम 29.2 और न्यूनतम 20.8 डिग्री सेल्सियस रहने के कारण गर्मी से राहत रही और शाम को तो मौसम धुड़धुड़ी चढ़ाता नजर आया। इससे जल्द सर्दी का मौसम आने के संकेत भी मिल रहे हैं।

नगर में विगत दो दिन से हल्की बूंदाबांदी का दौर चल रहा था, लेकिन बीती रात शुरू हुई बारिश ने एक बार फिर शहर का नक्शा बिगाड़ कर रख दिया। सुबह के समय आई मूसलाधार बारिश से ऐसा लगा जैसे बादल फट गया हो। थोड़ी देर के जबरदस्त दौंगड़े ने शहर को तिरा दिया। इससे पहले दो दिन हल्की बूंदाबांदी का असर शहर पर नजर नहीं आ रहा था, लेकिन आज सुबह की बारिश से तो सड़कों पर सैलाब जैसा नजारा था। शहर के तमाम इलाकों में भारी जलभराव के चलते जिंदगी थम गई। गनीमत यह थी कि रविवार का दिन होने के कारण आज बच्चों को स्कूल तथा कर्मचारियों को दफ्तर नहीं जाना था, लेकिन सुबह के समय जरूरी काम से निकले लोगों को तमाम दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। समाचारपत्र घर-घर पहुंचाने वाले हॉकरों और सुबह को ब्रेड बटर तथा दूसरे सामान बेचने के लिए निकलने वाले वेंडरों को पहले तो काफी इंतजार करना पड़ा और फिर भीगते हुए घुटनों से भी ऊपर तक पानी से गुजरते हुए डालना पड़ा। ऐसे में लोग उनके हौसले की दाद देते नजर आए कि बारिश के बावजूद उन्होंने अखबारों की गति का रुकने नहीं दिया। सुबह की तेज बारिश के बाद शहर के मुख्य चौराहे शिवचौक, रुड़की रोड, मेरठ रोड, एसडी कॉलेज मार्केट, आलू मंडी, पान मंडी, लोहा मंडी, नावल्टी चौराहा, अंसारी रोड, साकेत, ब्रह्मपुरी, कच्ची सड़क, लद्दावाला, खालापार, रामलीला टीला, प्रेमपुरी, शामली



शिवचौक



गांधी कॉलोनी



जनकपुरी



रामलीला टिल्ला

शेष - पृष्ठ-4 पर

# संविदा विद्युत कर्मचारी करंट से बुरी तरह झुलसा

**चरथावल, 15 सितम्बर (बु.)।** थानाक्षेत्र के ग्राम कुल्हेड़ी में हाईटेंशन लाईन का करंट लगने से सविंदा पर तैनात विद्युत कर्मचारी बुरी तरह झुलस गया। झुलसे कर्मचारी को ग्रामीणों की मदद से विद्युत लाईन से उतारकर सीएचसी भिजवाया गया, लेकिन हालत गम्भीर होने पर चिकित्सक ने झुलसे कर्मचारी को जिला अस्पताल रैफर कर दिया। संविदा कर्मचारी जिंदगी व मौत से जूझ रहा है। विद्युत कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए गुस्साए ग्रामीणों ने भाकियू के नेतृत्व में कुल्हेड़ी बिजलीघर परिसर में धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरना-प्रदर्शन की सूचना पर पहुंचे तहसीलदार राधेश्याम गौड़ ने सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन देकर धरने को समाप्त कराया। चरथावल थानाक्षेत्र के ग्राम कुल्हेड़ी बिजलीघर पर तैनात विद्युत संविदा कर्मचारी 40 वर्षीय नफीस पुत्र शब्बीर रविवार को ट्रांसफार्मर पर फाल्ट ठीक कर रहा था। बताया जाता है कि अचानक विद्युत कर्मचारी हाईटेंशन लाईन का करंट लगने से झुलस गया। सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। वहीं ग्रामीणों द्वारा आनन-फानन में कर्मचारी को नीचे उतारा गया। झुलसे कर्मचारी को ग्रामीणों द्वारा सीएचसी भिजवाया गया। वह घटना की सूचना मिलते ही चरथावल प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। हालत गम्भीर होने पर चिकित्सक ने झुलसे कर्मचारी को जिला अस्पताल रैफर कर दिया। संविदा कर्मचारी जिंदगी व मौत से जूझ रहा है। विद्युत कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए गुस्साए ग्रामीणों ने भाकियू नेता विकास शर्मा के नेतृत्व में कुल्हेड़ी बिजलीघर परिसर में धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरने पर पुलिस बल मौजूद है, जबकि विद्युत विभाग का कोई अधिकारी नहीं पहुंचा है। वहीं हादसे की सूचना पर भाकियू आंदोलनकारी के नेता शाकिर मुखिया, ग्राम महाबलीपुर के प्रधान व भाकियू नेता संजय त्यागी, भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष पवन त्यागी, भाकियू नगर अध्यक्ष सौरभ त्यागी, समाजसेवी आकिब इंजीनियर, समद राइन, मुजम्मिल, महकार, कांग्रेस नेता अहतशाम राणा, कांग्रेस नेता आकिब इंजीनियर, नौशाद प्रधान आदि मौके पर पहुंचे तथा धरने पर बैठ गए। धरने की सूचना पर तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड़ व चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे, जिसमें पांच सूत्रीय मांगों पर सहमति बनी जिसमे पहली मांग थी कि जो घायल बिजली कर्मचारी है। उसका पूरा इलाज बिजली विभाग द्वारा किया जाएगा। उसके परिवार के सदस्य को नौकरी व घायल को भी नौकरी और जिन कर्मचारियों ने लापरवाही की है, उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज हो तथा गांव में जितने भी जर्जर विद्युत तार और खंबे हैं, उन्हें कल से ही बदला जाए साथ ही गांव में रात्रि में कोई भी बिजली विभाग छापेमारी नहीं करेगा और जितना भी स्टाफ बिजली घर पर लगाया है। वह सब बदलकर दूसरा स्टाफ भेजा जाए। इन सब मुद्दों पर सहमति हुई है, जिसके बाद धरना स्थगित कर दिया।



## मुजफ्फरनगर की महिला को स्वाइन फ्लू की पुष्टि

**मुजफ्फरनगर, 15 सितंबर (बु.)।** मुजफ्फरनगर निवासी एक महिला को स्वाइन फ्लू पाया गया है। आगरा में स्वाइन फ्लू का पहला मामला सामने आया है। मुजफ्फरनगर की रहने वाली 55 साल की महिला अपनी बेटी के यहां सिकंदरा इलाके में आई हुई थी। उसे रविवार को संक्रमण की पुष्टि हुई है। महिला करीब पांच दिनों से तेज बुखार के बाद निजी पैथोलाजी में उसकी जांच कराई गई। इसमें वह पॉजीटिव पाई गईं। इसके बाद उन्हें एसएन मेडिकल कालेज की इमरजेंसी के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती किया गया है। प्राचार्य डा. प्रशांत गुप्ता ने बताया कि लगभग चार साल बाद स्वाइन फ्लू का मामला आया है। इसकी निजी लैब में पुष्टि हुई है। कालेज की वायरलोजी लैब में जांच कराई जाएगी।

## उमेश मिश्रा आज कलेक्ट्रेट में पहुंच लेंगे डीएम का चार्ज

- देर रात्रि में पहुंचे मुजफ्फरनगर जिला मुख्यालय, किया स्वागत

**मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बु.)।** जनपद मुजफ्फरनगर में बतौर जिलाधिकारी कुशीनगर के डीएम उमेश चन्द्र मिश्रा सोमवार को जिला मुख्यालय पर पहुंचकर चार्ज संभालेंगे। रविवार देर सायं तक कलेक्ट्रेट में उनके आगमन को लेकर तैयारी होती रही। जिले का चार्ज संभालने वाले उमेश चन्द्र मिश्रा कुशीनगर से पहले पडौसी जनपद बिजनौर में दो वर्ष से अधिक समय तक जिलाधिकारी के पद पर तैनात रहें। नवागत जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के देर रात यहां पहुंचने की सूचना है। वे 16 सितंबर को प्रातः 9:45 बजे कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार पहुंच कर कार्यभार ग्रहण करेंगे।

मूल रूप से प्रयागराज के रहने वाले उमेश मिश्रा वर्ष 2012 बैच के पीसीएस अधिकारी हैं, जिन्हें वर्ष 2018 में आईएएस अधिकारी के रूप में पदोन्नति मिली। मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी के रूप में चार्ज संभालने वाले उमेश चन्द्र मिश्रा ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से परास्नातक व लखनऊ विश्वविद्यालय से एलएलबी की उपाधि ग्रहण की है। आईएएस में प्रोन्नति मिलने के बाद शासन ने इन्हें विशेष सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के पद पर जिम्मेदारी दी थी। वर्ष 2019 में उन्होंने अमरोहा में बतौर डीएम के रूप में चार्ज लिया। इसके बाद करीब दो वर्षों तक बिजनौर में डीएम रहे। उन्हें बीते वर्ष शासन द्वारा कुशीनगर का जिलाधिकारी बनाया था। अब मुजफ्फरनगर में डीएम की जिम्मेदारी संभालेगे। पीसीएस अधिकारी के रूप में उमेश चंद्र मिश्रा एडीएम सिटी लखनऊ, नगर मजिस्ट्रेट गाजियाबाद,एसडीएम बुलंदशहर व जनपद अमरोहा की तहसीलों में एसडीएम के पद पर कार्यरत रहे हैं। उमेश मिश्रा ने बिजनौर में अपने कार्यकाल के दौरान विदुर कुटी का जीर्णोद्धार कराया था। साथ ही विदुर कुटी पर गंगा की धारा लाने का अथक प्रयास भी किया था। उधर, मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी रहे अरविन्द मल्लप्पा बंगारी ने रविवार दोपहर बाद आगरा पहुंच डीएम के रूप में चार्ज संभाल लिया। वें सीडीओ संदीप भागिया को जिलाधिकारी का प्रभार सौंपने के साथ जनपद से चले गए थे।

## एमबीबीएस में एडमिशन पाने के लिए फर्जीवाड़ा कर बौद्ध बन गया युवक

**मुजफ्फरनगर, 15 सितंबर (बु.)।** मुजफ्फरनगर में अल्पसंख्यक कोटे से एमबीबीएस में प्रवेश पाने के लिए जनपद का एक हिंदू युवक बौद्ध बन गया। जांच में सामने आया कि नियमों का पालन किये बिना प्रमाण पत्र बनवाया गया। शासन के निर्देश पर युवक का अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया गया। सामने आया है कि एक निजी मेडिकल विश्वविद्यालय ने हिंदू से बौद्ध धर्म अपनाने वाले ऐसे 20 छात्रों को प्रवेश दिया था। प्रदेश में अल्पसंख्यक कोटे से एमबीबीएस एडमिशन में बड़ा घोटाला सामने आया है। डॉक्टर बनने के लिए अभ्यर्थियों ने बौद्ध धर्म अपना लिया। अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र भी बनवा लिया। मेरठ के एक विश्वविद्यालय में ऐसे ही 20 मामले सामने आए। शिकायत के बाद जांच कराई गई तो फर्जी अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र से एमबीबीएस में प्रवेश पाने वालों में एक युवक जनपद का पाया गया। एमबीबीएस में प्रवेश पाने के लिए नगर के जानसठ रोड अग्रसैन विहार निवासी युगांतर चौधरी पुत्र बलबीर सिंह ने अपने आपको को बौद्ध बताते हुए अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र बनवाया था। युगांतर ने 20 अगस्त को प्रार्थना पत्र देकर प्रमाण पत्र जारी करने की गुहार लगाई और 22 अगस्त को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय से प्रमाण पत्र जारी कर दिया। शासन से बैठी जांच के बाद 12 सितंबर को युगांतर का अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया गया। तर्क दिया गया कि उक्त अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021, सरकारी गजट के सेक्शन आठ एवं सेक्शन नौ में उल्लिखित नियमों का पालन सुनिश्चित न किये जाने के कारण जारी किया गया था। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मैत्री रस्तोगी का कहना है कि जांच के बाद युगांतर चौधरी का अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार पहले चरण की काउंसिलिंग में मेरठ की एक यूनिवर्सिटी में 22 एडिमशन अल्पसंख्यक कोटे से होने थे। 20 अभ्यर्थियों ने इस कोटे के तहत प्रवेश लिये। सभी ने बौद्ध धर्म का सर्टिफिकेट लगाया। इसकी वॉट्सऐप पर किसी ने शिकायत चिकित्सा शिक्षा विभाग के महानिदेशक से की। जिसमें आरोप लगाया, उत्तर प्रदेश में मेडिकल के छात्रों की काउंसिलिंग में अल्पसंख्यक दर्जे के नाम पर बड़ा घोटाला चल रहा है। मेरठ के एक विश्वविद्यालय में बौद्ध अल्पसंख्यक के नाम पर ट्यूशन फीस और अन्य शुल्क के अलावा लाखों रुपए लेकर सामान्य उम्मीदवारों को सीट दी जा रही है। इसमें कौर और मित्तल सरनेम वाले उम्मीदवारों को अल्पसंख्यक कोटे से एडमिशन दिए जा रहे हैं। शुरूआती जांच में मामला खुला। उत्तर प्रदेश के विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन एक्ट 2021 के सेक्शन 8 और 9 में यह साफ तौर पर लिखा है। अपना धर्म परिवर्तन करना चाहने वाले व्यक्ति को कम से कम 60 दिन पहले अपने जनपद के जिला मजिस्ट्रेट या अपर जिला मजिस्ट्रेट के सामने लिखित में यह घोषणा करनी होगी। कहा गया है कि वह अपनी स्वतंत्र सहमति से और बिना किसी बल, प्रताड़ना या प्रलोभन के अपना धर्म परिवर्तित करना चाहता है।



## आज का इतिहास

**नई दिल्ली, 15 सितंबर (वार्ता)। भारतीय और विश्व इतिहास में 16 सितंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1630 : मैसाच्युसेट्स के इलाके शॉमट का नाम बदलकर बोस्टन किया गया, जो अब अमेरिका का प्रमुख शहर है। 1795 : ब्रिटेन ने दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन पर कब्जा किया। 1810 : मिगवेल हिदाल्गो ने स्पेन से मैक्सिको की आजादी के लिए संघर्ष शुरू किया। 1821 : मैक्सिको की स्वतंत्रता को मान्यता मिली। 1848 : फ्रांस ने अपने सभी उपनिवेशों में दास प्रथा को समाप्त किया। 1861 : ब्रिटेन के डाकघर ने बचत बैंक खातों की सुविधा शुरू की। 1906 : नार्वे के रॉल्ड एमंडसन ने चुंबकीय दक्षिणी ध्रुव की खोज की। 1908 : 'जनरल मोटर्स निगम' की स्थापना की गई। 1916 : भारत रत्न शास्त्रीय गायिका एम.एस. सुब्बालक्ष्मी का जन्म। 1947 : टोक्यो के सईतामा में चक्रवाती तूफान कैथलीन से 1,930 लोगों की मौत। 1967 : सोवियत संघ ने पूर्वी कजाख में परमाणु परीक्षण किया। 1975 : केप वर्डे, मोजाम्बिक, साओ टोमे और प्रिंसिप संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए। 1975 : पापुआ न्यू गिनी ने आस्ट्रेलिया से स्वतंत्रता हासिल की। 1978 : जनरल जिया उल हक पाकिस्तान के राष्ट्रपति निर्वाचित। 1986 : दक्षिण अफ्रीका की एक सोने की खदान में फंस जाने से 177 लोग मारे गए। 2003 : भूटान ने भारतीय हितों के खिलाफ अपनी जमीन के इस्तेमाल नहीं होने देने का आश्वासन दिया। 2007 : पाकिस्तान के मुख्य चुनाव आयुक्त ने परवेज मुशर्रफ के राष्?ट्रपति पद पर दुबारा चुनाव लड़ने के लिए चुनाव से जुड़े कानूनों में संशोधन किया। 2007 : वन टू गो एयरलाइंस का विमान थाईलैंड में दुर्घटनाग्रस्त होने से 89 लोगों की मौत। 2008 : भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के कर्मचारियों को विश्वकर्मा पुरस्कार प्रदान किया गया। 2009 : दुनियाभर में भारत को एक उत्कृष्ट पर्यटन स्थल के रूप में पेश करने वाले अतुल्य भारत अभियान को ब्रिटिश सरकार ने पुरस्कृत किया। 2013 : वाशिंगटन में एक बंदूकधारी ने नौसेना के एक शिविर में 12 लोगों की गोली मारकर हत्या की। 2014 : इस्लामिक स्टेट ने सीरियाई कुर्दिश लड़ाकों के खिलाफ युद्ध छेड़ा। 2020 : विदुषी, लेखिका और कलाविद डॉ. कपिला वात्स्यायन का निधन।**

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 74450 | चांदी- | 87400 |
| सिक्का- | 98000 | गिन्नी- | 55750 |

## आपका आज का राशिफल

**सोमवार, 16 सितम्बर, 2024**

**मेष-** व्यावसायिक पक्ष में उपस्थित व्यवधान समाप्त, मनोबल से कार्यसिद्धि, शुभ भावनाओं का उदय होने से आत्मिक शांति, दूर-समीप की यात्रा संतोषजनक।
**वृषभ-** जटिल समस्याओं का संतोषजनक समाधान, व्यक्तिगत कार्य क्षमता में वृद्धि, नौकरी में प्रोन्नति या स्थानान्तरण विषयक मसला हल, मनोरंजन में रुचि।
**मिथुन-** शारीरिक सुख, कार्यों में प्रगति की दिशा में प्रयास, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, पारिवारिक सौहार्द, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, प्रसन्नता।
**कर्क-** व्यावसायिक पक्ष में निराशा, आहार-विहार की नियमितता से स्वास्थ्य प्रभावी, घरेलू समस्याओं से मन अशान्त, बात-बात पर क्रोध, प्रियजनों से मतभेद।
**सिंह-** परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, व्यक्तिगत समस्या का समाधान, विरोधियों के वर्चस्व में कमी, आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता, संभावित यात्रा का प्रसंग।
**कन्या-** स्वास्थ्य में अनुकूलता, किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, आपसी सौहार्द, अध्यवसाय में रुझान, मौजमस्ती में व्यय।
**तुला-** कार्य व्यवसाय में विस्तार हेतु किये जा रहे प्रयास सार्थक, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, किसी आयोजन में शामिल होने का सुअवसर।
**वृश्चिक-** संकल्प-विकल्प की स्थिति, आरोग्य सुख में कमी, परिवार में अशांति, विरोधी प्रभावी, आय की तुलना में व्यय अधिक, परीक्षा में असफलता।
**धनु-** परिस्थितियों में सुधार, मनोवांछित सफलता का सुअवसर, सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, वरिष्ठद्जनों की सलाह लाभदायक, मनोरंजन के साधन सुलभ।
**मकर-** विचाराधीन योजना का मूर्त रूप में परिणित, व्यापारिक उन्नति, पुरातन विवाद का निर्णय पक्ष में, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनो-विनोद के अवसर।
**कुम्भ-** नौकरी में प्रोन्नति से स्थानान्तरण हेतु विषयक मसला हल, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, नव समाचार मिलने से प्रसन्नता।
**मीन-** प्रगति में अवरोध, विचारित योजना अधूरी, वाद-विवाद से तनाव, कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में निराशा, मानसिक बेचैनी, वाहन से दुर्घटना की आशंका।

**विमल जैन**, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
**सम्पादक-अंकुर दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

# महोबा में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान पथराव से बना तनाव

**महोबा,15 सितम्बर (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश मे बुंदेलखंड के महोबा मे शनिवार देर रात गणेश प्रतिमाओं की शोभायात्रा मे समुदाय विशेष के लोगों द्वारा पथराव करके माहौल को खराब करने की कोशिश की गयी है। पुलिस के तत्काल एक्शन मे आने पर स्थिति को काबू मे कर लिया गया। तनाव को दृष्टिगत रख शहर में शान्ति और कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस और पीएसी को तैनात किया गया है।
पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने बताया कि मुख्यालय के कसोड़ा मोहाल में यह वारदात उस समय हुयी जब वहां से गणेश प्रतिमा के विसर्जन की शोभायात्रा गुजर रही थी। आरोप है कि एक समुदाय के लोगों ने शोभायात्रा मे पथराव किया, जिससे श्रद्धालु भी भड़क उठे और उन्होंने शोभायात्रा को रास्ते मे ही रोक कर नारेबाजी शुरू कर दी,जिससे हालात बिगड़ चले। मामले की जानकारी होते ही तत्काल भारी संख्या में पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मोर्चा संभाला। इसके बाद पुलिस के वरिष्ठ अफसरों द्वारा सूझबूझ से कदम उठा कर दोनों समुदायों को समझा बुझा कर शांत कराया गया और गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन सम्पन्न कराया गया। घटना को लेकर बहुसंख्यक हिन्दू समुदाय की भीड़ ने देर रात पुलिस कोतवाली का घेराव कर नारेबाजी भी की। पुलिस अधीक्षक ने बताया की घटना को लेकर अलग -अलग तथ्य सामने आ रहे है। हिन्दू समुदाय द्वारा घटना को सुनियोजित करार दिया गया है तो दूसरे समुदाय द्वारा शोभायात्रा के दौरान भक्तों द्वारा फोड़े जा रहे पटाखे को विवाद की जड़ बताया जा रहा है। आरोप है की एक जलता हुआ पटाखा मुस्लिम समुदाय के घर मे गिरा था. जिसे बुझाने को फेंका गया पानी शोभायात्रा मे शामिल भक्तों पर गिर गया। पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है.एसपी ने कहा की मामले को लेकर फिलहाल स्थिति सामान्य और काबू मे है किन्तु तनाव पूर्ण हालातों के मद्देनजर ×कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए सम्बन्धित क्षेत्र मे भारी संख्या मे पुलिस व पी ए सी को तैनात किया गया है। पुलिस कप्तान पलाश बंसल ने बताया कि गणेश विसर्जन की घटना के मद्देनजर जिले मे बारावफात के पर्व पर कड़ी सुरक्षा बरतें जाने के निर्देश दिए गए है। मुख्यालय मे निकाले जाने वाले जुलूश ए मोहम्मदी को लेकर पुलिस की कड़ी निगरानी तय की गयी है। इसके मार्ग मे पड़ने वाले दूसरे समुदाय के धर्म स्थलों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है।



# पिकअप ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर, चालक घायल

**बुढ़ाना, 15 सितम्बर (बु.)।** तेज रफ्तार एक पिकअप चालक ने आगे की और चल रहे एक ट्रैक्टर में टक्कर मार दी और फरार हो गया। उधर ट्रैक्टर दो भागों में होता हुआ रोड के किनारे पानी भरे गड्ढे में गिर गया, जिसमें चालक को चोट आई जबकि दूसरे युवक ने फुर्ती से ट्रैक्टर से कूदकर जान बचा ली।
मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला निवासी उवैस ने गांव बिटावदा में किसी किसान के खेत बंटाई पर ले रखे हैं। रविवार की अल सुबह वह गांव के ही शहजाद पुत्र खुर्शीद को लेकर ट्रैक्टर से कुछ काम करवाने के लिए खेत पर जा रहा था। जब ट्रैक्टर शामली वाया मेरठ हाइवे पर गांव बिटावदा में आया तो पीछे की और तेज गति से आ रही एक पिकअप चालक ने ट्रेक्टर में पिकअप की जोरदार टक्कर मार दी और फरार हो गया। उधर टक्कर लगते ही ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंटकर पानी से भरे गड्ढे में गिर गया, जिसमें चालक शहजाद घायल हो गया जबकि उवैस ने फुर्ती से कूदकर अपनी जान बचा ली। घायल शहजाद को ग्रामीणों ने हस्पताल में भिजवाकर पुलिस को घटना की सूचना दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर में लगभग लाखों रुपये का नुकसान बताया गया है। शहजाद गरीब है। जो ट्रैक्टर से खेतों की जुताई कर बच्चों का पालन पोषण कर रहा है।



## तेज कार की टक्कर से बाइक सवार हुआ घायल

**मोरना, 15 सितम्बर (बु.)।** तेजी से आ रही इको कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक घायल हो गया। घायल के पिता ने अज्ञात कार सवार युवकों पर टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।
भोपा थाना क्षेत्र के गांव योगेन्द्र नगर निवासी नकली ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका पुत्र अंकित रविवार को दोपहर कस्बा भोकरहेड़ी से वापस गांव लौट रहा था। जैसे ही वह लक्सर मार्ग से गुजर रहा था, तभी आधा दर्जन युवक ईको कार में सवार थे, जो शराब के नशे की हालत में लापरवाही से स्टंट ड्राइव कर रहे थे, जिन्होंने अंकित की बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित ने आरोपी कार सवार युवकों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग पुलिस से की है।

# जानसठ क्षेत्र में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन हुआ



**जानसठ, 15 सितम्बर (बु.)।** सीएचसी प्रभारी डॉ. अजय कुमार की देखरेख में क्षेत्र के गांव रामराज, मीरापुर, राजपुर कला, सिखेड़ा में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले में अधिकतर एलर्जी, खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज आए। मरीजों की जांच कर दवाइयां दी गई। रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मियों ने 47 मरीजो को दवाई का वितरण किया। स्वास्थ्य मेले में अधिकांश एलर्जी, खांसी, जुखाम, बुखार, अस्थमा से संबंधित मरीज पहुंचे। पीएचसी स्टाफ के द्वारा महिलाओं को परिवार नियोजन की जानकारी दी गई। आंगनवाड़ी और सहायिकाओं के द्वारा बच्चों का वजन किया गया। एएनएम के द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को टीके लगाए गए। 23 मरीजो की ब्लड प्रेशर, शुगर और खून की जांच भी की गई। सीएचसी प्रभारी डॉ. अजय कुमार ने बताया कि इस दौरान डॉ. सुषमा शर्मा, डॉ. नदीम, डॉ. रूचि फार्मेसिस्ट मरदान, अब्दुल कलीम, गंभीर, जावेद और वार्ड बॉय राजेंद्र आदि ने स्वास्थ्य मेले में सहयोग किया।

# विश्वदीप कौशिक, आदित्य बघेल एशिया किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व



**मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बुस.)।** श्रीराम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रवक्ता विश्वदीप कौशिक विश्व जु-जित्सु चैम्पियनशिप 2024 में तथा शिक्षा विभाग के छात्र आदित्य बघेल एशिया किक बॉक्शिंग चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए श्रीराम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि विश्व जू-जित्सु चैम्पियनशिप प्रतियोगिता 22 से 28 अक्टूबर 2024 को ग्रीस के हेराक्लिऑन शहर में आयोजित की जायेगी, जिसमें विश्वदीप कौशिक+94 किग्रा भारवर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्र आदित्य बघेल-69 किग्रा भारवर्ग में कम्बोडिया में एशियन किक बॉक्शिंग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। कालिजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ द्वारा शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रवक्ता विश्वदीप कौशिक को 35,000 हजार तथा छात्र आदित्य बघेल को 25,000 हजार की धनराशि चैक के रूप में प्रदान की है। चेयरमैन डॉ. कुलश्रेष्ठ ने विश्वदीप कौशिक तथा छात्र आदित्य बघेल को भारत का प्रतिनिधित्व करने हेतु बधाई दी। प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल तथा निदेशक डॉ. अशोक कुमार ने विश्वदीप कौशिक तथा छात्र आदित्य बघेल को भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिये बधाई दी। श्रीराम ग्रुप ऑफ कालेजेज के निदेशक डॉ. एसएन चौहान, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार, डीन प्रबंधन डॉ. सौरभ मित्तल, डीन एकेडमिक्स डॉ. विनीत कुमार शर्मा तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रवक्ता भूपेन्द्र कुमार, डॉ. अब्दुल अजीज खान, सन्दीप कुमार, अमरदीप, प्रशांत कुमार, तरूण कुमार आदि प्रवक्ता उपस्थित रहे।

# मूसलाधार बारिश ने गांव जौला में व्यवस्थाओं की खोली पोल

## बारिश के बीच ही जगह-जगह बने छोटे तालाब, ग्रामीण हुए दुखी



**बुढ़ाना, 15 सितम्बर (बु.)।** ब्लाक के गांव जौला का विकास सिर्फ कागजों तक ही सीमित है। रविवार को दिन निकलने से पहले ही अर्धरात्रि मे हुई बारिश ने गांव जौला में जगह-जगह छोटे-छोटे तालाब बनाकर ग्रामीणों को आश्चर्यचकित करके रख दिया। मदरसे में जाने वाले काफी बच्चे सड़कों पर लबालब भरे पानी में को ही निकलकर गये। जिसके चलते गांव जौला की सड़कों की हालत अत्यंत गम्भीर है। इस संबंध में ना ही तो कोई सुनने वाला है ओर ना ही कोई कहने वाला है। ग्रामीण संबंधित अधिकारियों के अलावा ग्राम समिति और ग्राम सचिव को कहते कहते थक गए लेकिन समस्या का समाधान आज तक नई हो पाया है। जहां तक ग्राम सचिव और ग्राम समिति के अध्यक्ष की बात आती है तो ग्रामीणों ने सैंकड़ों बार अलग अलग समय पर सोशल मीडिया पर और हैंड टू हैंड प्रार्थना पत्र देकर दोनों को समय समय पर उक्त समस्याओं से अवगत कराया गया लेकिन कोई भी सुनने को तैयार नही है। यहां के जौला यूथ क्लब के एक पदाधिकारी का साफ कहना है कि कई बार तो मुजफ्फरनगर एप पर भी शिकायत की गई है, लेकिन किसी भी शिकायत का निस्तारण ग्राम सचिव विजय शेखर समय पर नही कर पा रहे हैं। इसलिए गांव में ज्यादा समस्या पैदा हो रही है। बीडीओ भी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं।

# भोकरहेड़ी में किया गया दक्ष लाइब्रेरी का विधिवत शुभारम्भ



**भोपा, 15 सितम्बर (बु.)।** कस्बा भोकरहेड़ी में दक्ष युवा जागरूकता मंच के तत्वावधान में दक्ष लाइब्रेरी का शुभारम्भ नगर चेयरमैन सरला देवी द्वारा हवन-यज्ञ के बाद फीता काटकर किया गया, जिसमें कस्बे के अनेक गणमान्य व शिक्षाविद मौजूद रहे। समारोह में प्रधानाचार्य कैप्टन चौधरी ने कहा कि आज आधुनिक शिक्षा अनिवार्य हो गई है। लाइब्रेरी में बच्चों को पढ़ाई का माहौल मिलेगा, युवाओं को कैरियर बनाने में सहायता मिलेगी। युवाओं को दिशा देने की आवश्यकता है। लाइब्रेरी के माध्यम से बच्चे परीक्षा की बेहतर तैयारी कर सकते हैं। पूर्व चेयरमैन राजेश कुमार ने कहा आज इंटरनेट का युग है और हमें सूचनाएं व जानकारी आसानी से उपलब्ध हैं। ऐसे में लाइब्रेरी में बच्चे बेहतर और चरणबद्ध तरीके से तैयारी कर सकते हैं।
इस अवसर पर चेयरमैन सरला देवी, पं. रामकुमार शर्मा, ब्रजवीर सिंह, लाइब्रेरी के डायरेक्टर डॉ. अनिल प्रजापति, अनुज गोयल, सचिन वामन, रवि आर्य, विपिन कुमार, रजत कुमार, अकरम मलिक, काजी अफजल, डॉ. सचिन प्रजापति, सोनू शर्मा, नीटू आदि उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता के घर में घुसे चोर, पुलिस आई तो लौटे बैरंग

## छत पर चहलकदमी की आवाज सुनकर परिवार के लोगों की टूट गई थी नींद

**बुढ़ाना, 15 सितम्बर (बु.)।** एक युवा अधिवक्ता के घर में चोर घुस गये। छत पर खटपट की आवाज से घर में जाग हो गयी। तब शोर शराबा करने पर और मौके पर आई पुलिस को देखकर चोर बैरंग ही चले गये। अधिवक्ता ने पुलिस से रात्रि में गश्त की मांग की है। सबसे अजीब बात ये भी है कि जिस घर में चोर घुसे वहां से कुल 30 मीटर पर पुलिस तैनात रहती है।
मिली जानकारी के अनुसार बुढाना कस्बे के सैनी बाजार निवासी युवा अधिवक्ता नूर मौहम्मद मंसूरी पुत्र नफीस के घर की छत पर रविवार को दिन निकलने से पहले ही अर्धरात्री में लगभग एक बजे कुछ चोर आ गये। वे घर में नीचे आने के लिए कुछ खटपट करने लगे तो गृहस्वामी की आंख खुल गयी और उसने चोरों को देखकर शोर मचा दिया।
चोरों ने कई बार लाइट खोली और बंद भी की। शोर शराबा सुनकर मौहल्ले में जाग हो गयी और पास में ही सर्राफा बाजार में गश्त कर रही पुलिस भी मौके पर आ गयी। पुलिस को आती देख चोर मौका पाकर फरार हो गये। किसी नुकसान के होने की कोई भी सूचना नहीं मिली। उधर मौहल्ले के लोगों ने बुढ़ाना पुलिस से सैनी बाजार में भी गश्त करने की मांग की है।

# मारपीट में वांछित चल रहे युवकों को गिरफ्तार किया

**सिखेड़ा, 15 सितम्बर (बु.)।** पुलिस ने क्षेत्र के गांव खेड़ी वीरान में मारपीट में वांछित चल रहे युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार कर उन्हें थाने लाकर वहां से जमानत देकर छोड़ दिया। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव खेड़ीवीरान निवासी सागर पुत्र मांगेराम ने तहरीर देकर बताया था कि चार अगस्त की रात्रि लगभग नो बजे एक दिन पहले शादी समारोह के दौरान हुए झगड़े का फैसला कराने के दौरान गांव निवासी पप्पू पुत्र सोमपाल व जमुना और धन्नु पुत्रगण पाल्ला ने उनके साथ मारपीट कर उसे वह उसके स्वजन को घायल कर दिया था। पुलिस तभी से मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश कर रही थी। रविवार को थाना क्षेत्र के गांव खेड़ीवीरान से पप्पू पुत्र सोमपाल व जमुना और धन्नु पुत्रगण पाल्ला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस तीनों को गिरफ्तार कर थाने ले आई। थाने लाकर तीनों को जमानत देकर छोड़ दिया।

# जिला स्तरीय क्रिकेट जूनियर बालक प्रतियोगिता स्थगित

**मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बु.)।** रविवार को जिला खेल कार्यालय मुजफ्फरनगर की ओर से जारी विज्ञप्ति में उपक्रीड़ा अधिकारी भूपेंद्र सिंह यादव ने बताया कि खेल निदेशालय लखनऊ की ओर से पं. दीनदयाल उपाध्याय जन शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आगामी 17 व 18 सितम्बर को जिला स्तरीय जूनियर बालक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम के खेल मैदान पर कराया जाना था, उसे बीते कई दिनों से जनपद मुजफ्फरनगर में जारी बारिश के चलते क्रिकेट पिच गीली होने के कारण उक्त प्रतियोगिता को अग्रिम तिथि तक स्थगित कर दिया गया है। उप क्रीड़ा अधिकारी भूपेंद्र सिंह यादव ने बताया कि हालांकि इस बीच अभी जिला स्तरीय जूनियर बालक भारतोलन एवं जूनियर बालक-बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता निर्धारित तिथि को आयोजित की जाएगी।

# देवी मंदिर कन्या इंटर कॉलिज प्रबंध कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन



**खतौली, 15 सितम्बर (बु.)।** श्री देवी मन्दिर कन्या इण्टर कॉलिज की प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध सर्वसम्मति से सम्पंन्न हुआ। मिली जानकारी के अनुसार चुनाव अधिकारी अरविन्द कुमार निश्चिंतक एडवोकेट एवं विभागीय चुनाव पर्यवेक्षक आशीष द्विवेदी की देखरेख में देवी मन्दिर कन्या इण्टर कॉलिज की प्रबंध कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुआ। नवीन कार्यकारिणी में पंकज कुमार गुप्ता अध्यक्ष, सुनील बंसल उपाध्यक्ष, हरशरण गुप्ता प्रबंधक, गणेश शंकर पालीवाल उप प्रबंधक, डा. अखिल कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष चुने गये। इनके अलावा गोपाल अग्रवाल, महेश गुप्ता, अमरीश गुप्ता, कमल लोचन, सुरेश चन्द अग्रवाल, डा. अशोक कुमार व प्रशान्त अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य के रूप में निर्वाचित घोषित किये गये। अनुज शर्मा एडवोकेट, पवन अग्रवाल विशेष आमंत्रित सदस्य और राजकीय महिला चिकित्सिका पदेन सदस्य चुने गये।

# बुढ़ाना के स्वास्थ्य मेले में उपचार कराने आए काफी मरीज



**बुढ़ाना, 15 सितम्बर (बु.)।** रविवार के दिन नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में लगे मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले मे प्रभारी डा. सोनू कश्यप द्वारा कई मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मिली जानकारी के अनुसार पीएचसी बुढ़ाना में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें मरीजों की भीड़ लगी रही। मरीजों का न केवल स्वास्थ्य उपचार किया गया बल्कि निःशुल्क दवाएं भी दी गई। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना पर यहां के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सोनू कश्यप की देखरेख में स्वास्थ्य मेला लगाया गया। यहां पर आए दो दर्जन से भी अधिक मरीजों का उपचार किया गया। इस संबंध में यहां के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. सोनू कश्यप ने मीडिया को बताया कि यहां पर आज मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेले में जो भी मरीज आए थे, उनका उपचार सुचारू तरीके से किया गया और उन सभी को जरूरी दवाईयां भी तुरंत उपलब्ध कराई गयी। इसके अलावा दूसरी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। यहां पर भी कई मरीजों का चैकअप कर उनको भी निःशुल्क दवाइयां दी गयी। कुल मिलाकर अब कई सालों से रविवार के दिन भी विभिन्न प्रकार के मरीजों को स्वास्थ्य मेलों मे देखा जा रहा है।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने नये कोतवाल का किया अभिनंदन

**खतौली, 15 सितम्बर (बु.)। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा खतौली के पदाधिकारियों ने नवागंतुक कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा को पुष्प भेंटकर स्वागत किया गया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पहुंचे अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने नव आगंतुक प्रभारी निरीक्षक बृजेश शर्मा से भेंटकर उन्हें पुष्प दिये तथा नगर में शांति व्यवस्था बनाये रखने में ब्राह्मण महासभा द्वारा पुलिस प्रशासन को अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महासभा के अध्यक्ष केपी शर्मा, महामंत्री मुकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, समाजसेवी अशोक शर्मा, वीरेन्द्र शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, प्रदीप शर्मा, प्रशांत पण्डित, विनोद शर्मा, चन्द्रमोहन शर्मा आदि सहित ब्राह्मण समाज के प्रबुद्ध सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान कोतवाली प्रभारी ने नगर में शांति व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने का आश्वासन देते हुए असामाजिक तत्वों व अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए जनसहयोग की अपील की।**

# गणेश जी सुख समृद्धि के दाता है : डॉ. ध्रुवपाल अहलूवालिया



**भोपा, 15 सितम्बर (बु.)।** कस्बा भोपा स्थित भूमिया मंदिर पर श्री गणेश सेवा समिति के तत्वावधान में श्रीगणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। शनिवार शाम को लखनऊ सचिवालय के संयुक्त सचिव डॉ. ध्रुवपाल सिंह अहलूवालिया ने अपने परिवार के साथ गणेश जी की पूजा अर्चना की। डॉ. ध्रुवपाल अहलुवालिया ने कहा कि श्री गणेश जी सुख समृद्धि के दाता है। गणेश जी को प्रथम पूज्य देव कहा गया है। शुभ कार्य शुरू करने से पहले गणेश जी का पूजन करें, तो बाधा नहीं आएगी। गणेश जी की आराधना से परिवार के संकट व विघ्न दूर हो जाते हैं, उन्होंने कहा कि गणेश चतुर्थी एक प्रमुख त्यौहार है। सनातन शास्त्रों के अनुसार इसी दिन रिद्धि-सिद्धि के दाता, विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश जी का जन्म हुआ था। प्रत्येक शुभ और मांगलिक कार्यों में सर्वप्रथम गणेश जी को पूजा जाता हैं। भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की जाती है तथा नौ दिनों तक पूजन किया जाता है। इसके बाद धूमधाम से गणेश प्रतिमा को जल में विसर्जित किया जाता है। कार्यक्रम में कमेटी के अध्यक्ष बसंत गौतम ने कहा कि मंगलवार को बैंडबाजों के बीच धूमधाम से नगर परिक्रमा निकाली जाएगी, जिसके बाद विधि-विधान से शाम को गणेश प्रतिमा को गंगनहर में विसर्जित किया जाएगा। इस दौरान पारूल शर्मा, रूबी जैन, सीनू अग्रवाल, बंटी चौधरी, प्रदीप, विपुल, पुरोहित अंकित शर्मा, सुभाष वालिया आदि मौजूद रहे।

## मणिपुर में इंटरनेट पर प्रतिबंध पांच दिन और बढ़ा

**इंफाल, 15 सितंबर (वार्ता)।** मणिपुर सरकार ने रविवार को राज्य में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध को पांच दिन और बढ़ाकर 20 सितंबर तक कर दिया। राज्य में इंटरनेट प्रतिबंध 10 सितंबर से लागू है। हालांकि ब्रॉडबैंड सेवाएं उन लोगों को प्रदान की गई जिन्होंने इस बात का वचन दिया था कि वे वाईफाई का उपयोग नहीं करेंगे। आज सुबह पांच बजे से दोपहर 12 बजे तक घाटी के पांच जिलों में कर्फ्यू में ढील दी गई। ग्यारह पहाड़ी जिलों में कर्फ्यू नहीं है। कथित कुकी उग्रवादियों ने ड्रोन, मिसाइलों और अन्य अत्याधुनिक हथियारों का उपयोग करके नए हमले किए। इन हमलों को रोकने में सरकार की विफलता के विरोध में छात्रों ने आंदोलन शुरू कर दिया है।

## हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता : योगी

**गोरखपुर, 15 सितंबर (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और समस्या लेकर आए लोगों को आश्वस्त किया हर व्यक्ति की समस्या का समाधान कराना संवेदनशील सरकार की प्राथमिकता है। योगी रविवार को रविवार को आयोजित जनता दर्शन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने किया, जिसमे आए लोगों को हमेशा की तरह कुर्सियों पर बैठाया गया था। इन लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे। एक-एक कर और ध्यान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं हैं। उन्होंने कहा कि किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। हर समस्या का निराकरण कराया जाएगा। हर शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

## प्रयागराज में गंगा-यमुना बढ़ रही खतरे के निशान की तरफ

**प्रयागराज,15 सितंबर (वार्ता)।** पहाड़ों और उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश और केन, बेतवा तथा चंबल नदियों का पानी यहां पहुंचने से तीर्थराज प्रयाग में गंगा और यमुना का जलस्तर धीरे-धीरे खतरे के निशान की ओर बढ़ चला है। दोनों नदियां खतरे के निशान से करीब एक मीटर दूरी पर बह रही हैं। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के आंकडों के अनुसार पिछले 24 घंटों में दोनो नदियों को जलस्तर फाफामऊ में गंगा 2.58 मीटर, छतनाग में 1.36 मीटर और नैनी में यमुना 86 सेंटीमीटर बढ गयी हैं। शनिवार की दोपहर 12 बजे फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 81.30 दर्ज किया गया था, छतनाग में 81.73 मीटर और नैनी में यमुना 82.85 जलस्तर रिकार्ड किया गया था। आंकडों के अनुसार रविवार दोपहर 12 बजे फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 2.58 मीटर बढ़कर 83.88 मीटर, छतनाग में 1.36 मीटर बढ़कर 83.09 मीटर और नैनी में यमुना 86 सेंटीमीटर बढ़कर 83.71 मीटर पर पहुंच गयी है। दोनो नदियों के खतरे का निशान 84.734 मीटर दर्ज है।

## यूपी में कई पीसीएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ, 15 सितंबर (एजेंसी)।** यूपी में रविवार की सुबह कई पीसीएस अधिकारियों के तबादले हुए। अंजू कटियार को राजस्व परिषद में ओएसडी बनाया गया है। अंजू कटियार यूपीपीएससी द्वारा आयोजित एलटी ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा में पेपर लीक होने के मामले की आरोपी हैं। तब अंजू कटियार आयोग में परीक्षा नियंत्रक थीं। मामले में आने के बाद वह निलंबित और गिरफ्तार हो गई थीं। आठ माह जेल में रहने के बाद जमानत पर बाहर हैं। अब उन्हें यह पद दिया गया है। संजीव ओझा प्रयागराज मेला प्राधिकरण बनाए गए। महेंद्र कुमार श्रीवास्तव राज्य चीनी निगम मुंडेरवा बनाए गए। इसी तरह अरुण कुमार को एडीएम बदायूं बनाया गया। देवेंद्र पाल सिंह को सिटी मजिस्ट्रेट बदायूं बनाया गया। शशि भूषण को अपर आयुक्त मुरादाबाद मंडल बनाया गया। शासन ने सुभाष चंद्र यादव को एडिशनल कमिश्नर वाराणसी मंडल बनाया गया है।

## हिरासत में लिया गया सपा विधायक का बेटा, गिरफ्तारी के डर से अंडरग्राउंड हुए पति- पत्नी

**भदोही, 15 सितंबर (एजेंसी)।** किशोरी से उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने और बंधुआ मजदूरी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बाद सपा विधायक जाहिद जमाल बेग और उनकी पत्नी सीमा बेग गिरफ्तारी के डर से अंडरग्राउंड हो गए। विधायक व उनकी पत्नी ने शनिवार को ही आवास छोड़ दिया। रविवार को विधायक के आवास पर पहुंची पुलिस ने विधायक के बेटे जईम बेग को हिरासत में लेकर कोतवाली आई। कोतवाली में विधायक के बेटे से पूछताछ चल रही है। विधायक के आवास पर सुबह से ही सपा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा हुआ है। भदोही नगर के पचभैया वार्ड स्थित सपा विधायक जाहिद बेग के आवास पर बीते आठ सितंबर की रात 17 वर्षीय किशोरी ने फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। किशोरी बीते नौ सालों से विधायक आवास पर काम करती थी। घटना के अगले दिन श्रम विभाग, सीडब्ल्यूसी और पुलिस की टीम ने आवास से एक और नाबालिग किशोरी को बरामद किया। किशोरी के मां-बाप और परिजनों के साथ बरामद किशोरी के बयान के आधार पर पुलिस ने विधायक और उनकी पत्नी के खिलाफ बंधुआ मजदूरी, उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। इधर, मुकदमा दर्ज होने की भनक लगते ही गिरफ्तारी के डर से विधायक और उनकी पत्नी आवास छोड़कर अंडरग्राउंड हो गए। रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजबीर सिंह के साथ पुलिस टीम विधायक आवास पर धमक पड़ी। पुलिस ने आवास से विधायक के बेटे जईम बेग को हिरासत में ले लिया और उन्हें पूछताछ के लिए कोतवाली लेकर आई। दूसरी तरफ विधायक के आवास पर सपा कार्यकर्ताओं का भी जमावड़ा है। आवास पर पुलिस का पहरा भी बढ़ा दिया गया है।



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## जेएमएम, आरजेडी और कांग्रेस

झारखण्ड जमशेदपुर में प्रधानमन्त्री मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि झारखंड के तीन दुश्मन हैं, जेएमएम, आरजेडी और कांग्रेस। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा ही से झारखंड की दुश्मन रही है। जमशेदपुर में पीएम मोदी ने 6 वंदे भारत को हरी झण्डी दिखाकर उनका उद्घाटन किया और कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया। पीएम मोदी को जमशेदपुर, रांची से हेलीकॉप्टर द्वारा जाना था, लेकिन मौसम खराब होने के कारण पीएम सड़क मार्ग से जमशेदपुर पहुंचे। पीएम मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बारिश कितनी ही तेज क्यों न हो, रुकावटें कितनी ही ज्यादा क्यों न हो, लेकिन कोई भी रुकावट मुझे आपसे अलग नहीं कर सकती है। मैं आपके दर्शन किए बिना वापस नहीं जा सकता हूं, इसलिए सड़क मार्ग ही से आप सबके दर्शन करने पहुंच गया। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने आगे कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में पूरा विपक्ष मोदी को हराने के लिए बैचेन बैठा था। विपक्ष ने पूरी ताकत लगा दी। बड़ें-बड़ें षड्यंत्र, साजिशे, झूठ सब आजमा लिया। देश को बांटने और तोड़ने वाली ताकतें सभी पर काम कर लिया, लेकिन आपका आशीर्वाद उन सब पर भारी पड़ा। मैं आपके इस प्यार और आशीर्वाद के लिए भी आपका धन्यवाद करता हूं। झारखंड के निर्माण का बदला आज भी राजद झारखंड से उतारती है और कांग्रेस को तो झारखंड से नफरत है ही। ये झामुमो वाले, जिन्होंने आदिवासियों के वोट से अपनी राजनीति चमकाई, आज वो किसके साथ खड़े हैं? ये लोग आदिवासियों के जंगल जमीन पर कब्जा करने वालों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो के लोग बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के साथ खड़े हैं। ये घुसपैठिए और कट्टरपंथी झामुमो को भी अपने कब्जे में लेते जा रहे हैं। इनके लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा के भीतर भी घुस गए हैं। जानते हैं ऐसा क्यों हुआ? क्योंकि झामुमो में कांग्रेस का भूत घुस गया है। जब किसी पार्टी में कांग्रेस का भूत घुस जाता है, तो तुष्टिकरण ही उस दल का इकलौता एजेंडा बन जाता है। इसके लिए सबसे पहले ये लोग दलित, आदिवासी और पिछड़ा समाज के हितों की बलि चढ़ाते हैं। यही हाल झामुमो का भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश के दलित-वंचित, गरीब-आदिवासी और महिलाओं का भरोसा मोदी पर है। आज युवाओं का भरोसा मोदी पर है, मध्यम वर्ग का भरोसा मोदी पर है। झारखंड और भाजपा का रिश्ता, सिर्फ एक राजनीतिक रिश्ता नहीं है। ये रिश्ता दिल का है, ये रिश्ता अपनेपन का है। झारखंड का सपना भाजपा का अपना सपना है। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला योजना के जरिए झारखंड के पिछड़े जिलों के विकास की चिंता पहली बार किसने की, भाजपा की सरकार ने। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मजयंती पर जनजातीय गौरव दिवस की शुरूआत किसने की, भाजपा की सरकार ने। आज भी भाजपा केंद्र में रहकर झारखंड के विकास के लिए पूरे समर्पण और सेवाभाव से काम कर रही है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आप राज्य सरकार में भाजपा को मौका दीजिए, झारखंड के विकास के लिए भाजपा कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। पीएम मोदी ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस जैसे दलों को आपका वोट नहीं चाहिए। ये दल मजहब के नाम पर अपना वोटबैंक बनाना चाहते हैं। यही समय है, हमें इस खतरे को यहीं पर रोकना होगा। ये आदिवासी विरोधी हैं। क्या चंपई सोरेन आदिवासी नहीं थे? क्या वे गरीब परिवार से नहीं थे? जिस तरह से सीएम की कुर्सी छीनने के लिए उनका अपमान किया गया, उससे झारखंड का हर गरीब और आदिवासी आहत है। सीता सोरेन को अपमानित कर-के उनके ही परिवार से बेदखल कर दिया गया। झारखंड की जनता इसका जवाब देगी। उन्होंने कहा कि इस देश की सबसे बेईमान और महाभ्रष्ट पार्टी एक ही है, कांग्रेस पार्टी। इस देश का सबसे भ्रष्ट परिवार एक ही है, कांग्रेस का परिवार। भ्रष्टाचार की सारी धाराएं वहीं से निकलती हैं। ये झामुमो वाले भी उसी स्कूल से ट्रेनिंग लेते हैं, कांग्रेस स्कूल ऑफ करप्शन। उन्होंने कहा कि झामुमो ने 5 साल में केवल एक ही काम किया है, झारखंड की लूट और चारों तरफ भ्रष्टाचार। मुख्यमन्त्री हेमंत सोरेन की सरकार ने जल, जंगल और जमीन, सबमें भ्रष्टाचार किया है। मैं वादा करता हूं कि झारखंड में कुछ महिनों के बाद जब बीजेपी की सरकार बनेगी, एनडीए की सरकार बनेगी, तो इन सारे मामलों की जांच करवाई जाएगी। साथियों, वादे करना और उसे पूरा करना, ये सिर्फ बीजेपी ही करती है। झामुमो आधिकारिक तौर पर झारखण्ड के आदिवासी योद्धा बिरसा मुंडा के जन्मजयंती पर बनाई गई थी, जिन्होंने वर्तमान झारखण्ड में ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। झारखण्ड राज्य भी 2000 में बिरसा मुंडा के जन्मजयंती पर अस्तित्व में आया। 2000 में बिहार विधानसभा ने झारखण्ड राज्य के निर्माण के लिए बिहार पुनर्गठन विधेयक-2000 पारित किया। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद 15 नवंबर 2000 को झारखण्ड भारत का 28वां राज्य बना। 2013 में झामुमो ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ गठबंधन किया था, जबकि 2014 में संयुक्त प्रगतिशील गठबन्धन के समर्थन से सरकार बनाई। 2005 में झारखण्ड विधानसभा चुनाव हुए जिसके बाद झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के शिबू सोरेन मुख्यमन्त्री बने, लेकिन बहुमत के अभाव में उन्होंने मुख्यमन्त्री पद से इस्तीफा दे दिया। शिबू सोरेन तीन बार झारखण्ड के मुख्यमन्त्री बने। मनमोहन सिंह सरकार में वो कोयला मंत्री रह चुके हैं। इसके अलावा झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन भी दो बार झारखण्ड के मुख्यमन्त्री बने। इधर दिल्ली में नए झारखंड भवन के उद्घाटन कार्यक्रम के बाद भाजपा के तीखे बयान सामने आए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमन्त्री हेमंत सोरेन और उनकी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन की डांस करती तस्वीर को भाजपा ने उनकी संवेदनहीनता बताई। झारखण्ड भाजपा नेताओं ने कहा है कि झामुमो अब दिशोम गुरू शिबू सोरेन की पार्टी नहीं रही। झामुमो अब डब्ल्यूएचओ यानी वाइफ, हस्बैंड ऑगेनाइजेशन बन गई है। ये सारे आरोप भाजपा की ओर से लगाए गए हैं। झारखंड प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने कहा कि अब यह दिशोम गुरू की पार्टी नहीं रही और न ही यह इस पार्टी के दिग्गजों और वरिष्ठ नेताओं की पार्टी रह गई है। यही वजह है कि झामुमो के वरिष्ठ नेता एक-एक कर पार्टी छोड़ रहे हैं।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"मर्यादा" "पतंगें" "मजबूत" "नाक"

मान मर्यादा की बातें आज फैशन में कहाँ,
अब उसूलों की पतंगें ऊँची उड़ती ही नहीं।
आजकल की नाक देखो किस कदर मजबूत है,
कट पे कट लगते हैं फिर भी नाक कटती ही नहीं।


रस्म पगड़ी



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य श्री कृष्णलाल ग्रोवर जी का स्वर्गवास दिनांक 07 सितम्बर 2024, दिन शनिवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

रस्म पगड़ी दिनांक 17 सितम्बर 2024, दिन मंगलवार को दोपहर 2 से 3 बजे होनी निश्चित हुई है।

स्थान:- गाँधी वाटिका, गाँधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

-: शोकाकुल परिवार :-

संदीप ग्रोवर- उषा (पुत्र-पुत्रवधु)
पंकज ग्रोवर-निधि (पुत्र-पुत्रवधु)
दीपक ग्रोवर-रितिका (पुत्र-पुत्रवधु)
गीताक्षी- अवि प्रीत सिंह कुलार (पौत्री-दामाद)
मीनाक्षी-सौरभ बब्बर (पौत्री-दामाद)
दीपाक्षी ग्रोवर (पौत्री)
केशव, माधव, राघव (पौत्र)
गीतांजल, सम्भव (पौत्र)
अर्णव कुलार (पड़धेवता)
कियांश बब्बर (पड़धेवता)

-: प्रतिष्ठान :-

ग्रोवर सूट्स एण्ड साड़ीज - 9219500596
पंकज कुमार एण्ड संस- 9897618611
श्री गोविन्दम- 9897618511


# शाहपुर में 10 दिनों तक चली पूजा-अर्चना के बाद गणपति की प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन








**शाहपुर, 15 सितम्बर (बु.)।** सनातन धर्म के 10 दिनों तक चलने वाले गणपति महोत्सव का रविवार को विधिवत समापन हो गया। प्रभात फेरी, ढ़ोल-नगाड़ों के साथ ही घरों में विशेष पूजा-अर्चना कर भगवान गणपति की स्थापना की गई थी। अनंत चतुर्दशी पर महापर्व का बप्पा के विसर्जन के साथ ही समापन हो गया। नगर में आसपास के ग्रामीणों ने हरिद्वार, शुक्रताल, खतौली गंगा घाट जाकर गणपति की मूर्तियों का विसर्जन किया। गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के नारे गूंजे। गणेश चतुर्थी का पर्व प्रत्येक वर्ष भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को मनाया जाता है, इसके संबंध में कई पौराणिक कथाएं प्रचलित है। कहा जाता है कि एक बार भगवान गणेश ठीक प्रकार से मूषक की सवारी नहीं कर पाए, तो यह दृश्य देखकर चंद्रमा को हंसी आ गई। इस पर गुस्साए गणेश जी ने चंद्रमा को श्राप दे दिया कि तुम देखने योग्य नहीं रहोगे, जो भी कोई तुमको देखेगा वह पाप का भागी बनेगा। श्रापित चंद्रमा ने देवताओं से गुहार लगाई तो देवराज इंद्र के नेतृत्व में सभी देवताओं ने गजानन की स्तुति प्रारंभ कर दी, जिससे प्रसन्न होकर गणेश जी ने देवताओं को वरदान मांगने को कहा, जिस पर देवताओं ने चंद्रमा को श्राप मुक्त करने का वरदान मांगा। इस पर गणपति ने कहा कि वह अपना श्राप तो वापस नहीं ले सकते, लेकिन इसमें संशोधन कर सकते हैं। अब भाद्रपद की चतुर्थी को ही चंद्र दर्शन अभिशप्त माना जाएगा। इस चतुर्थी को चंद्र दर्शन पर कलंक लगेगा, लेकिन शेष माह की चतुर्थी को चंद्रमा को अर्ध्य दिया जाएगा, तभी शेयर पर्व मनाया जाता है। इसके अलावा अभी कथा प्रचलित है कि मराठा हिंदू सम्राट शिवाजी ने गणेश चतुर्थी पर्व की नीव रखी थी। गणपति को पेशवाओं का कुल देवता माना जाता है। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने हिंदू संस्कृति को मुगलों के शोषण से बचाने के लिए एवं एकजुटता दिखाने के लिए यह 10 दिवसीय त्योहार प्रारंभ किया था। देशभर के साथ-साथ शाहपुर में भी गणेश चतुर्थी पर घरों में गणपति की स्थापना की गई थी। प्रभात फेरी एवं ढोल-नगाड़ों के साथ ही घरों में सिद्धिविनायक की स्थापना की गई। आगामी 10 दिनों तक सुबह-शाम भगवान गणेश की वंदना-पूजा के साथ साथ उन्हें भोग लगाया तथा आज गणपति बप्पा को विदाई दी गई। विधि-विधान से प्रतिमाओं का विसर्जन हो गया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, अमित मित्तल टिंकू, मनोज अरोरा, रवि अरोरा, अमन मित्तल, स्नेहा मित्तल, नंदनी मित्तल, मीनाक्षी मित्तल, कुंज मित्तल, विनित मित्तल, नितिन मित्तल, कृषा मित्तल, मुकेश गर्ग, मनीष गर्ग, आशु नामदेव, राकेश गोयल, पंकज गोयल, बिट्टू सिंघल, सुनील मित्तल, मुकेश मित्तल, अविक मित्तल, ध्रुव गर्ग, अनिल गोयल, अक्षय गोयल, सुनील सिंघल, विनय नामदेव, पंडित विरेंद्र त्रिपाठी (बालाजी धाम शाहपुर के मुख्य पुजारी), राखी नामदेव, शिखा गोयल, शिखा मित्तल, शारदा शर्मा, तनु गोयल, परी नामदेव, आदि ने गणपति विसर्जन किया।

# गणपति विसर्जन के साथ जन्मोत्सव के आयोजन संपन्न

## - गणपति धाम व अन्य स्थानों से हरिद्वार पहुंचकर किया गया विसर्जन

**मुजफ्फरनगर, 15 सितंबर (बु.)।** एक सप्ताह से चल रहे गणपति महोत्सव के कार्यक्रम आज गणपति विसर्जन के साथ संपन्न हो गए। श्री गणपति खाटू श्याम धाम में विराजित गणपति प्रतिमा का हरिद्वार में गंगा जी में विसर्जन किया गया। इसके अलावा अन्य गणपति मंडलों के गणपति विसर्जन की प्रक्रिया भी पूरी हो गई। रंग गुलाल उड़ाते हुए श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ का घोष करते हुए गणपति को विदा किया। नगर में गणपति जन्मोत्सव पर विभिन्न स्थानों पर आयोजित गणेशोत्सव में स्थापित की गई भगवान गणपति की प्रतिमाओं का आज विसर्जन कर दिया गया। इसके साथ ही तमाम मुहल्लों और घरों में विराजित प्रतिमाओं का भी आज विभिन्न स्थानों पर विर्सजन किया गया। श्री गणपति खाटू श्याम धाम आयोजित गणपति महोत्सव में स्थापित गणपति प्रतिमा को आज जुलूस के साथ हरिद्वार ले जाया गया। मंदिर में गुलाल उड़ाते हुए श्रद्धालुओं ने गणपति को विदाई दी और ऋद्धि सिद्धि और शुभ लाभ के रूप में परिवारों में स्थापित रहते हुए सबका मंगल करने की कामना की गई। इसके बाद ये श्रद्धालु वाहनों में सवार होकर हरिद्वार रवाना हुए और वहां सर्वानंद घाट पर प्रतिमा का विसर्जन मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक गर्ग, अनिल गोयल, अमरीश सिंघल, प्रतीक कंसल, कन्नू, दीपक शर्मा, राहुल तथा अमित अग्रवाल समेत बड़ी तादाद में श्रद्धालु उपस्थित रहे। गणपति के अगले वर्ष फिर से आने की कामना के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया गया। नगर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित गणपति उत्सव के साथ घरों में विराजित गणपति प्रतिमाओं को भी आज हरिद्वार, शुकतीर्थ, खतौली व भोपा आदि स्थानों पर गंगा व गंग नहर में विसर्जित किया गया। तमाम स्थानों पर गुलाल उड़ाते हुए श्रद्धालु प्रतिमाओं को लेकर विसर्जन के लिए पहुंचे।



## श्री सिद्धि विनायक गणेश जन्मोत्सव समिति ने हरिद्वार में किया श्री गणपति विर्सजन

**मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बु.)।** श्री सिद्धि विनायक गणेश जन्मोत्सव समिति नई मंडी द्वारा पूर्व वर्षो की भांति इस बार भी 18 वां श्री गणेश जन्मोत्सव मां गंगा की धारा में गणपति विर्सजन के साथ संपन्न हुआ। इस बीच हरिद्वार में गणपति बप्पा मोरया के जयघोष के बीच श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चन के बीच कार्यक्रम को मंत्रोच्चार से साथ पं. अवध राज आचार्य, अभिषेक त्रिपाठी, अंकित कौशिक, अतुल शुक्ला, पंडित सूरज उपाध्याय के सानिध्य में किया गया। इस दौरान समिति अध्यक्ष रामपाल तायल, संजय गर्ग, समकित जैन, नितिन गोयल, पंकज सिंघल, देशपाल, सुनील अग्रवाल, नरेश गुप्ता, विजय सैनी, देवेंद्र बंसल, विपिन पाल, दिनेश पाल, संजय अग्रवाल, सचेंद्र मित्तल, अंकुर अग्रवाल, अमित कुमार, सुभाष पाल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


आवश्यकता है



एक कैमिस्ट Male/Female की, जिसको कम से कम 2 वर्ष का अनुभव हो। योग्यता Minimum B.Sc Chemistry हो।

hrd@chakradhar.co.in


## डीएमयू पैसेंजर में लगी आग, मची अफरातफरी

**किशनगंज, 15 सितंबर (एजेंसी)।** किशनगंज के रेलवे से तकरीबन 200 से 250 मीटर की दूरी पर फरिंगोरा के पास किशनगंज से सिलीगुड़ी का रही डीएमयू पैसेंजर ट्रेन के इंजन वाले डब्बे में अचानक आग लग गई। ट्रेन में आग लगते ही अफरातफरी का माहौल हो गया। आननफानन में ट्रेन को सिटी तेघरिया रेल गेट के समीप फरिंगोरा के पास रोक दिया गया। इसके बाद सारे पैसेंजर ट्रेन से उतर कर किसी तरह अपनी जान बचाए। आसपास के लोगों ने आग लगने की सूचना रेलवे पुलिस, स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग को दिए, जिसके बाद मौके पर रेल पुलिस स्थानीय पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।। घटना की जानकारी मिलते ही एसएसबी के अधिकारी और जवान भी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए।

# अतिशय क्षेत्र वहलना प्रबंध समिति मीडिया प्रभारी बने रोहित जैन




**मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बु.)।** श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना में रविवार को आगामी 2 अक्टूबर को होने वाली वार्षिक रथ यात्रा व मेला आयोजन की तैयारियों को लेकर प्रबंध समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में समिति द्वारा नियुक्त कार्यक्रम संयोजकों को रथयात्रा व मेले को ऐतिहासिक व भव्यता देने के लिए सभी को जिम्मेदारियां सौंपी। श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र वहलना की प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेश जैन ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अतिशय क्षेत्र वहलना में वार्षिक उत्सव, रथयात्रा व मेला आगामी 2 अक्टूबर बुधवार को धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। बैठक में वार्षिक उत्सव से जुड़ी तैयारियों पर चर्चा के बीच सकल जैन समाज के भरपूर सहयोग से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान पारसनाथ की रथयात्रा को ऐतिहासिक बनाएंगे। बैठक में बाहर से आने वाले यात्रियों के लिए समुचित व्यवस्था क्षेत्र पर की गई। मेले में जिला प्रशासन का सहयोग भी प्रतिवर्ष की भांति मिल रहा है, जिसके हम आभारी है। बैठक में सर्व सम्मति से रोहित जैन को प्रबंध समिति में मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। रोहित जैन कई वर्षो से जैन समाज की सेवा में अग्रणी रहे हैं तथा अनेकों समाजसेवी संस्थाओं से जुड़े है। वर्तमान में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा में जिला महामंत्री भी है।

# व्यापारियों की आवाज व्यापार मंडल के द्वारा गांधी कॉलोनी की इकाई का हुआ गठन



**मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बुस.)।** जिला महामंत्री जनार्दन विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज जिलाध्यक्ष शलभ गुप्ता द्वारा अजय अरोरा के प्रयास से गांधी कॉलोनी की इकाई की घोषणा की गई, जिसमे दर्शन सिंह को इकाई अध्यक्ष घोषित किया गया। उनके साथ जतिन अरोरा, नितिन अरोरा, मुनीश मदान, गुरमीत सिंह, रम्मी कपूर, दीपक मेहता, प्रकाश चन्द, निशांत वाधवा, दिव्यांश सिंह को व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण कराई। जिलाध्यक्ष शलभ गुप्ता ओर जिला सह महामंत्री राजेश भाटिया द्वारा आये हुए सभी नवनियुक्त व्यापारीगण को माला पहनाकर स्वागत किया गया और इकाई में जिम्मेदारियां सौंपी गई तथा कहा कि आज व्यापार मंडल के कुनबे मै वृद्धि हो गई है। आप सबके आने से व्यापार मंडल को ताकत मिलेगी, जिससे हम सब ओर शक्ति के साथ व्यापारियों के हक की आवाज को उठा सकते हैं। जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गर्ग ओर राजीव मित्तल सर्राफ के द्वारा कहा गया कि हम हमेशा व्यापारी हित के लिए कार्य करते हैं ओर व्यापारी के हक के लिए हमेशा संघर्सरत रहते हैं। विजय बाटा ओर विपिन गुप्ता, हिमांशु गोयल, अजय अरोरा, रोबिन संगल, लवी गोयल ने कहा व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शीघ्र ही जिलाध्यक्ष शलभ गुप्ता की अगुवाई में अधिकारियों ओर जनप्रतिनिधियों से मिलकर व्यापारियों की समस्याओ को उनके समक्ष रखा जायेगा। दर्शन सिंह ने कहा कि जो जिम्मेदारी आपके द्वारा मुझे सौंपी गई है, मैं उसका पूर्ण ईमानदारी से पालन करूंगा ओर हमेशा आपके कंधे से कंधा मिलाकर व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करुँगा। मुख्य रूप से शलभ गुप्ता, जनार्दन विश्वकर्मा, राजेश भाटिया, विजय बाटा, राजेंद्र प्रसाद गर्ग, विपिन गुप्ता, राजीव मित्तल सर्राफ, दीपक मित्तल सर्राफ, हिमांशु गोयल, अजय अरोरा, रोबिन संगल, लवी गोयल, अश्वनी सिंघल, अमित शील, जातिन अरोरा, नितिन अरोरा, मुनीश मदान, गुरमीत सिंह, रम्मी कपूर, दीपक मेहता, प्रकाश चन्द, निशांत वाधवा, दिव्यांग सिंह आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# अयोध्या राम मंदिर में आए 33 करोड़ से अधिक पर्यटक



**लखनऊ, 15 सितंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करने में न सिर्फ सफल हो रहा है बल्कि नया रिकॉर्ड भी बनाने के लिए तैयार है। 2024 के शुरूआती छह महीने (जनवरी से जून) में प्रदेश में करीब 33 करोड़ पर्यटक भ्रमण के लिए आए। वहीं अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहां आने वाले पर्यटकों ने काशी को भी पीछे छोड़ दिया है। 2023 के शुरूआती छह महीने में प्रदेश में 19.60 करोड़ से अधिक पर्यटक प्रदेश में आए थे। यानी बीते वर्ष की तुलना में इस साल शुरूआती छह महीने में 13 करोड़ 37 लाख से अधिक पर्यटक यूपी आए। खास यह कि साल 2022 में प्रदेश में जितने पर्यटक आए थे, उससे एक करोड़ से भी अधिक पर्यटक इस वर्ष शुरूआती छह माह में ही यूपी आ चुके हैं।

# भाकियू क्रांति प्री-पेड बिजली मीटर लगाने का करेगी विरोध



**मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बु.)।** किसानों के बढ़ते उत्पीड़न व थाना-तहसीलों में भ्रष्टाचार की शिकायतों के बीच भाकियू क्रांति धरातल पर काम करेंगी। ऐसे में इन मामलों पर अंकुश लगाने के लिए संगठन को कितनी भी बड़ी लड़ाई लड़नी पड़े वह पीछे नहीं हटेंगी। इसके साथ जनपद में प्री-पेड बिजली मीटरों का संगठन हर स्तर पर विरोध करेंगी। रविवार को रुड़की रोड स्थित होटल में मीडिया से वार्ता करते हुए भारतीय किसान यूनियन क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सैनी ने कहा कि थाना-तहसीलों पर हो रहे भ्रष्टाचार के साथ भाकियू कार्यकर्ता क्षेत्र में प्री-पेड बिजली मीटरों को लगाने का हर स्तर पर विरोध करेंगी। उन्होंने कहा कि देश में बढ़ता भ्रष्टाचार तरक्की में सबसे बड़ी बाधा है, जिसे अब किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ संगठन को गांव स्तर तक मजबूत करने के साथ क्षेत्र की समस्याओं को भविष्य में शासन-प्रशासन स्तर तक उठाने एवं उनके निदान के लिए धरातल पर काम करेगा। उन्होंने भाकियू क्रांति के जिला स्तर पर निष्क्रिय हो चुके संगठन को मजबूती देने के लिए नई कार्यकारिणी की इस बीच घोषणा की गई। नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सैनी ने सुभाष सैनी को जिलाध्यक्ष मनोनीत करते हुए उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। इसके अलावा नई कार्यकारिणी में शिव सैनी को उपाध्यक्ष एवं आनन्द पाल को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपते हुए संगठन को जिला स्तर पर मजबूती देने के साथ किसानों की समस्याओं के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। इस बीच नवनियुक्त भाकियू क्रांति के पदाधिकारियों का प्रदेश स्तर व जिला स्तर पदाधिकारियों ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाकियू क्रांति के राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला स्तर के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# दोषियों की सजा माफ कराने के लिए झूठे बयान दे रहे अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट नाराज, कहा- हमारा विश्वास हिल गया



**नई दिल्ली, 15 सितंबर (एजेंसी)।** दोषियों की सजा माफी और समय से पहले रिहाई कराने के लिए अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट में झूठे बयान दे रहे हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने कहा कि लगातार इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। इससे हमारा विश्वास हिल गया है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि पिछले तीन हफ्तों में उसके सामने ऐसे कई मामले आए हैं जहां दलीलों में गलत बयान दिए गए। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि अदालत में सजा में छूट न दिए जाने की शिकायत को लेकर बड़ी संख्या में याचिकाएं दायर की जा रही हैं। पिछले तीन सप्ताह में यह छठा-सातवां मामला हमारे सामने आया है, जिसमें दलीलों में गलत बयान दिए गए हैं। शीर्ष अदालत में पीठ के सामने रोज 60-80 मामले दर्ज होते हैं। जजों के लिए हर मामले के प्रत्येक पेज को पढ़ना संभव नहीं है। फिर भी हर मामले को करीब से देखा जाता है। पीठ ने कहा कि हमारा सिस्टम विश्वास पर काम करता है। जब हम मामलों की सुनवाई करते हैं तो हम बार के सदस्यों पर भरोसा करते हैं। लेकिन जब हमारे सामने इस तरह के मामले आते हैं, तो हमारा विश्वास हिल जाता है। कोर्ट ने कहा कि एक मामले में छूट की मांग के लिए दायर रिट याचिका में न केवल गलत बयान दिए गए हैं, बल्कि अदालत के समक्ष एक गलत बयान दिया गया। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकताओं के तत्कालीन एडवोकेट ने जेल अधिकारियों को संबोधित 15 जुलाई, 2024 के ईमेल में झूठे बयान दोहराए। वकील इस स्थिति से अवगत थे, लेकिन 19 जुलाई, 2024 को एक गलत बयान दिया गया कि सभी याचिकाकताओं सजा की अवधि समाप्त नहीं हुई है। पीठ ने कहा इस मामले में जुमार्ना लगाया जाना चाहिए। लेकिन हम याचिकाकताओं को उनके वकीलों द्वारा की गई गलतियों के लिए दंडित नहीं कर सकते। कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया था कि चार याचिकाकताओं ने एक मामले में 14 साल की सजा बिना छूट के काट ली है। जबकि मामले में दिल्ली सरकार ने हलफनामा दायर किया था कि चार में से दो कैदियों ने सजा में छूट पाने के लिए 14 साल की सजा पूरी नहीं की है। पीठ ने कहा कि याचिका में गलत बयान दिया गया कि सभी चार याचिकाकताओं ने वास्तविक 14 साल की सजा काट ली है। पीठ ने दिल्ली सरकार को चार याचिकाकताओं में से एक के मामले में छूट के लिए विचार करने का निर्देश दिया। जिसने लागू नीति के अनुसार 14 साल जेल में काटे हैं और दो अन्य को राहत देने से इनकार कर दिया, क्योंकि उन्होंने 14 साल पूरे नहीं किए। चौथे दोषी के मामले पर राज्य सरकार ने सजा माफी पर विचार किया था, लेकिन इनकार कर दिया। पीठ ने भी चारों दोषियों की सजा माफी की याचिका खारिज कर दी। इसके अलावा एक और मामले में पीठ ने पाया कि हत्या के आरोप में दोषी पाए गए पांच अपराधियों को लेकर भी कोर्ट में गलत बयान दिए गए। याचिका में कहा गया था कि पांचों दोषियों को हत्या के आरोप में दोषी पाया गया है। जबकि अदालत ने पाया कि उनमें से दो को अन्य अपराधों के लिए भी दोषी ठहराया गया। एक को शस्त्र अधिनियम के तहत दोषी ठहराया गया था और दूसरे को फिरौती के लिए अपहरण और सबूत नष्ट करने के अपराध के लिए भी दोषी ठहराया गया था। पीठ ने कहा कि समयपूर्व रिहाई के लिए आदेश मांगने वाली याचिका में अपराध की प्रकृति बहुत ही महत्वपूर्ण विचार है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वह छूट के लिए मामलों को देखे और इसके बाद आदेश पारित करे।

# 200 करोड़ रुपये की एफडी फ्रॉड के मास्टरमाइंड मन्नू सहित दो पकड़े



**नोएडा, 15 सितंबर (एजेंसी)।** नोएडा प्राधिकरण के 200 करोड़ रुपये के एफडी फ्रॉड मामले में जून 2023 से फरार चल रहे मास्टरमाइंड व मर्चेंट नेवी के पूर्व अधिकारी मन्नू भोला और साथी त्रिदिब दास को शनिवार को पुलिस ने दिल्ली के होटल से गिरफ्तार कर लिया। पांच आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। एक आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की गई हैं। डीसीपी नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने भोला पर 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। डीसीपी नोएडा ने प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस ने सबसे पहले अब्दुल खादर को पकड़ा था। बैंक ऑफ इंडिया में प्राधिकरण के खाते को अब्दुल हैंडल कर रहा था। अब्दुल ने राजेश पांडेय, सुधीर, मुरारी, राजेश बाबू के बारे में जानकारी दी। इन चारों को भी अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार कर लिया गया था। कई आरोपी जमानत पर जेल से बाहर भी आ गए थे। भोला और दास फरार थे। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने बताया कि अन्य साथियों के साथ उन्होंने 200 करोड रुपये की जाली एफडी बैंक ऑफ इंडिया की सेक्टर-62 शाखा के नाम से बनवाई। इसी जाली एफडी को वह बैंक कर्मचारी बनकर नोएडा प्राधिकरण में दे आए। भोला का मकसद 200 करोड़ रुपये को आपस में बांटकर ऐश करना था। सबसे पहले तीन अलग-अलग खातों में 3.90 करोड़ रुपये ट्रांसफर करवाए गए। इसके बाद 9 करोड़ रुपए ट्रांसफर करने का आवेदन दिया गया, लेकिन बैंक शाखा के अधिकारियों को शक हो गया। रकम ट्रांसफर होने से पहले ही अब्दुल पकड़ा गया। इसके बाद मामले का खुलासा हो गया। मनोज कुमार ने बीते साल चार जुलाई को सेक्टर-58 थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि नोएडा प्राधिकरण ने बैंक खातों में जमा धनराशि पर अधिकतम ब्याज लेने के लिए बैंक ऑफ इंडिया सेक्टर-62 को 200 करोड़ की एफडी के लिए चुना है। 21 जून 2023 को बैंक खाता संचालन के लिए प्राधिकरण ने बैंक को पत्र भेजा। बैंक ने 23 जून 2023 को पत्र और ई-मेल के द्वारा बैंक खाता खोले जाने की पुष्टि की। इसके बाद प्राधिकरण ने 100-100 करोड़ की धनराशि 26 जून 2023 को एचडीएफसी बैंक सेक्टर-18 शाखा एवं इंडियन बैंक सेक्टर-61 के खातों से भेजकर 200 करोड़ की एफडी बनाकर बैंक को उपलब्ध कराने को कहा।

## दो दिनों के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दूंगा : केजरीवाल

**नयी दिल्ली 15 सितम्बर (वार्ता)** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दो दिनों बाद वह मुख्यमंत्री पद से इस्तीफ़ा देंगे। श्री केजरीवाल ने आज यहाँ पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफ़े की घोषणा की। उन्होंने कहा आज मैं आपके बीच में आया हूं, जनता की अदालत में आया हूं, आपसे पूछने आया हूं कि आप केजरीवाल को ईमानदार मानते हो या गुनाहगार मानते हो। मैं दिल्ली और देश की जनता से पूछना चाहता हूं कि केजरीवाल ईमानदार है या गुनाहगार है। मैं दो दिन के बाद मुख्यमंत्री की कुर्सी से इस्तीफा देने जा रहा हूं। उन्होंने कहा मैं तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा, जब तक जनता अपना फैसला न सुना दे। मैं जनता के बीच में जाऊंगा, गली-गली में जाऊंगा, घर-घर में जाऊंगा, जब तक जनता अपना फैसला न सुना दे कि केजरीवाल ईमानदार है, मैं तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा।''



# बारिश के कारण दो मकानों की छत गिरी

## मलबे में दबकर हजारों का सामान खराब हुआ

**मीरापुर, 15 सितम्बर (बु.)।** मीरापुर क्षेत्र में पिछले कई दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण गांव मुक्कलमपुरा में दो मकानों की छत गिर गई। पीड़ितों ने प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाते हुए प्रधानमंत्री आवासीय योजना के अंतर्गत मकान बनवाने की मांग की है। क्षेत्र के गांव मुक्कलमपुरा निवासी विधवा महिला अनिता अपने तीन बच्चों के साथ गांव में अपने पुराने जर्जर मकान में रहती है और मजदूरी कर अपने बच्चों का भरण पोषण करती है, वहीं दूसरी तरफ इसी गांव का सत्यवीर पुत्र बाबूराम मजदूरी करता है। कई दिनों से रुक रुक कर हो रही बारिश के कारण अनिता व सत्यवीर के घर की छत गिर गई, जिसके चलते दोनों के घर में रखा हजारों रुपयों का सामान छत के मलबे में दबकर खराब हो गया। पीड़ितों ने प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाते हुए प्रधानमंत्री आवासीय योजना के अंतर्गत अपने मकान बनाए जाने की गुहार लगाई है। वहीं बारिश के चलते सम्भालेहड़ा में भी बंद पड़े एक मकान की दीवार गिर गयी।





# डॉक्टर ने बच्ची के साथ की अश्लील हरकतें

**बुढ़ाना, 15 सितम्बर (बु.)।** होम्योपैथिक के एक डॉक्टर ने मां की गैर मौजूदगी में उसकी बच्ची के साथ अश्लील हरकतें कर दी। मां जब दवाई लेकर स्टोर से वापस आई, तो बच्ची ने डॉक्टर की हरकतों के बारे में अपनी मां को बताया तो मौके पर आए परिजनों ने डॉक्टर को मारपीट कर जुलूस निकालकर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना क्षेत्र की

### ▶▶ महिला ने पीटकर किया पुलिस के हवाले

सफीपुर पट्टी की रहने वाली एक महिला अपनी पुत्री के साथ लुहसाना रोड पर क्लीनिक करने वाले होम्योपैथिक डॉक्टर गुलरेज अहमद के पास अपनी पुत्री को दिखाने के लिए आई थी। तब डॉक्टर ने महिला को पर्चा देकर बाहर से दवाई लाने को कहा, तो महिला अपनी पुत्री को वहीं पर छोड़कर बाहर स्टोर पर दवाई लेने आ गयी। उधर डॉक्टर ने बच्ची के साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दी। कुछ देर बाद महिला दवाई लेकर डॉक्टर के पास आई, तो उसकी पुत्री ने अपनी मां को डाक्टर द्वारा उसके साथ की गई अश्लील हरकतों के बारे में बताया, तो महिला ने अपनी चप्पलों से डॉक्टर की पिटाई कर दी। शोर-शराबा होते देख मौके पर आए कई लोगों को जब सच पता लगा, तो उन्होंने भी डॉक्टर पर हाथ साफ कर दिया। तब महिला उसको पकड़कर जुलूस के रूप में तमाशा करती हुई बुढ़ाना कोतवाली लेकर पहुंची और पुलिस को डॉक्टर की कारगुजारी के बारे में बताकर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने डॉक्टर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। ये घटना चर्चा का विषय बनी है।



**बुढ़ाना। इलाज करने के बहाने एक बच्ची के साथ अश्लील हरकतें करने वाले डॉक्टर की दुकान को स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा घटना के कुछ ही घंटों बाद बुढ़ाना पुलिस की मौजूदगी में सीज कर दिया गया। यह कार्यवाही सीएचसी प्रभारी डॉक्टर अन्नू चौधरी के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा की गयी। इस दौरान यहां बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज ललित कसाना व कांस्टेबल हरीश कुमार मौजूद रहे।**

### अश्लीलता करने वाले डाक्टर की दुकान सीज

## सपा ने इकरा को बनाया जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारक

**शामली, 15 सितंबर (बु.)।** समाजवादी पार्टी ने सपा सांसद इकरा हसन को जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारक बनाया है। युवा सांसद इकरा हसन सपा प्रत्याशियों के लिए जम्मू कश्मीर में चुनाव प्रचार करने के लिए जाएंगी। इनके अलावा रालोद के शामली सदर विधायक प्रसन्न चौधरी और थानाभवन विधायक अशरफ अली भी जम्मू में भाजपा के समर्थन में प्रचार करेंगे। जम्मू कश्मीर में एक दशक के बाद विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। केंद्र शासित प्रदेश में 18 सितंबर से शुरू होने वाले विधानसभा चुनाव तीन चरणों में होंगे। वहीं समाजवादी पार्टी ने भी जम्मू-कश्मीर में विधानसभा का चुनाव लड़ने वाले अपने प्रत्याशियों के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। सूची में कैराना लोकसभा की लोकप्रिय युवा सांसद इकरा हसन का नाम भी शामिल है। बताया गया है कि इकरा हसन जम्मू कश्मीर में चुनाव लड़ने वाले समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों के लिए वहां का दौरा कर चुनाव प्रचार करेंगी। इकरा को स्टार प्रचारक बनाए जाने के बाद सोशल मीडिया पर उनके समर्थकों के द्वारा बधाई दी जा रही है। साथ ही सपा पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का भी आभार व्यक्त किया गया है।



## शातिर की 6.81 करोड़ की सम्पत्ति कुर्क

**मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बु.)।** एसपी देहात आदित्य बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियुक्त अजय पुत्र किरण

### एसएसपी की संस्तुति व जिलाधिकारी के आदेश के बाद जानसठ पुलिस ने 6.81 करोड़ रुपये की सम्पत्ति की कुर्क

सिंह निवासी ग्राम जीतपुर थाना मुरादनगर जिला गाजियाबाद वर्तमान निवासी थाना कंकरखेड़ा गांव खडौली मेरठ के द्वारा वर्ष 2011 से 2023 तक हत्या, हत्या का प्रयास, चैकों में धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज व अवैध शस्त्रों की तस्करी के अपराध कर अवैध रूप सम्पत्ति अर्जित कर अपने, अपनी पत्नी व पुत्र के नाम कुल सात अचल सम्पत्ति तथा छह चल सम्पत्ति, जिनमें कार व मोटरसाइकिल मौजूद हैं, अर्जित की थी। उक्त मामले में आरोपी के खिलाफ जानसठ थाने में गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिलाधिकारी के आदेश व एसएसपी अभिषेक सिंह की संस्तुति पर सम्पत्ति को कुर्क करने के आदेश दे दिये गये थे। आदेशों के बाद अपराधी की गाजियाबाद, मेरठ, ऋषिकेश की कुल 6.81 करोड़ रुपये की सम्पत्ति कुर्क कर दी गई है।

## क्यों हुई जानसठ में रिपोर्ट दर्ज?

**मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बु.)।** शातिर अपराधी अजीत उर्फ अजय ने अपनी प्रेमिका के साथ मिलकर चार वर्ष पूर्व जानसठ के एक शिक्षक का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी थी। हत्या से पूर्व अजीत शिक्षक को अपनी चपेट में लेकर किसी तरह उसे अपने गाजियाबाद के फ्लैट पर ले गया था, जहां साथियों के साथ मिलकर शिक्षक की हत्या कर दी गई और शव को मोदीनगर गंगनहर में फेंक दिया गया। मगर पुलिस ने शातिर अपराधी की निशानदेही पर शव को बरामद कर लिया था और शातिर अपराधी को जेल भेज दिया था। चूंकि लगभग चार वर्ष पूर्व कोरोना काल के दौरान शातिर अपराधी किसी अन्य व्यक्ति के नाम से जेल से फरार हो गया था, जिसमें उसके खिलाफ नई मंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामला यहीं नहीं रूका उसके बाद शातिर अपराधी ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर मेरठ के टीपीनगर में एक हत्या कर दी पर हत्या में शव की शिनाख्त स्वयं की दिखाई गई। उसकी पत्नी ने भी पुलिस को यही बयान दिये कि टीपीनगर में मृतक उसका पति अजीत उर्फ अजय ही है। मगर पुलिस को पत्नी की बात पर शक हुआ तो पुलिस ने उसका डीएनए कराया तो शव किसी ओर का निकला। तब पुलिस ने शातिर अपराधी व उसकी पत्नी को हत्या व झूठी शिनाख्त का आरोपी बनाया था।

# तीन मंजिला मकान गिरने से दस लोगों की मौत

**मेरठ, 15 सितंबर (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के मेरठ में लगातार कई दिनों से हो रही बारिश से पचास साल पुराना तीन मंजिला एक मकान भरभरा कर गिर गया जिसमें एक ही परिवार के तीन बच्चों समेत दस लोगों की मलबे में दब जाने से मौत हो गई है। रविवार तड़के तक चले बचाव अभियान के बाद नौ शवों को मलबे से निकाला जा सका। संकरी गलियां होने के कारण जेसीबी के मौके पर पहुंचने में होने वाली परेशानी और तेज बारिश बचाव कार्य में बाधक बनी रही। पुलिस ने रविवार को बताया कि जाकिर कॉलोनी गली नंबर सात में 90 वर्षीया बुजुर्ग महिला नफो उर्फ नफीसा का करीब 50 साल पुराना तीन मंजिला मकान था। बताया गया है कि मकान के निचले हिस्से में नफो के बेटे डेयरी चलाते थे। जबकि ऊपर की दोनों मंजिलों पर नफो के बेटे साजिद पत्नी सायमा और नईम पत्नी अलीशा 5 वर्षीय बेटी रिमशा, नदीम पत्नी फरहाना, 2 वर्षीय बेटा हमजा, शाकिर पत्नी साहिबा समेत 15 लोग रहते थे। शनिवार शाम करीब 5 बजे तेज धमाके के साथ पूरा मकान भरभराकर गिर गया जिसमें सभी 15 लोग मलबे में दब गये। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासन के तमाम आला अधिकारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरु करवाया। बचाव अभियान में पुलिस के साथ क्षेत्रवासी भी लगे रहे लेकिन संकरी गलियों में एंबुलेंस और जेसीबी के पहुंचने में परेशानी और तेज बारिश की वजह से मलबा हटाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद मलबे में दबे लोगों को निकाला जा सका। देर रात 11 बजे तक 40 वर्षीय साजिद, उसकी पत्नी साइमा, बेटा साकिब और बेटी 15 वर्षीय सानिया, रिया, पड़ोसी सुफियान, डेढ़ वर्षीय सिमरा को घायल अवस्था में मलबे से निकाल लिया गया। तमाम घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान नफीसा, साजिद और सानिया, साकिब, रिया, सिमरा, फरहाना और तीन अन्य की मौत हो गई जिनकी शिनाख्त नहीं हो सकी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताडा ने बताया कि कई अन्य लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका के मद्देनजर एनडीआरएफ टीम देर रात तक मलबा हटाने के काम में लगी रही।

# मेरठ-लखनऊ वंदे भारत का विस्तार वाराणसी तक करने की तैयारी

**मेरठ, 15 सितंबर (एजेंसी)।** मेरठ से लखनऊ के बीच चल रही वंदे भारत एक्सप्रेस को यात्री नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में ट्रेन का विस्तार वाराणसी स्टेशन तक करने की तैयारी की जा रही है। इससे लखनऊ से वाराणसी जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी। साथ ही रेलवे की आमदनी भी बढ़ेगी। इसके साथ इस ट्रेन के सहारनपुर तक बढ़ाने तथा मुजफ्फरनगर में भी स्टॉपेज करने की मांग की है। कुछ दिन पहले ही मेरठ से लखनऊ के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन शुरू किया गया है। मेरठ- लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस मेरठ से सुबह 6:35 बजे चलकर दोपहर 1:45 बजे चारबाग स्टेशन पहुंचती है। वापसी में चारबाग स्टेशन से दोपहर 2:45 बजे चलकर रात दस बजे मेरठ पहुंचती है। ट्रेन में औसतन 60 से 65 प्रतिशत तक सीटें खाली चल रही हैं। टिकट महंगा होने के कारण यात्री रूट पर चलने वाली राज्यरानी एक्सप्रेस व नौचंदी को तरजीह दे रहे हैं। सेमी हाईस्पीड ट्रेन होने के बावजूद वंदे भारत को सात घंटे से अधिक का वक्त मेरठ की दूरी तय करने में लगता है। रेलवे

### ▶▶ सहारनपुर से संचालन और मुजफ्फरनगर में स्टॉपेज की मांग

बोर्ड के एक अफसर के मुताबिक ट्रेन को विस्तार देने की योजना बनाई जा रही है। इसके तहत ट्रेन को वाराणसी तक चलाया जा सकता है। इसके लिए फिजिबिलिटी चेक की जा रही है। माना जा रहा है कि ट्रेन के वाराणसी तक विस्तार से यात्रियों की संख्या बढ़ेगी। लखनऊ से वाराणसी के लिए अभी शटल ट्रेन, बरेली वाराणसी सहित कई ट्रेनें हैं, ऐसे में वंदे भारत का संचालन होने से यात्रियों को भी राहत होगी। साथ ही ट्रेन की ऑक्यूपेंसी 80 से 90 प्रतिशत तक पहुंच सकेगी और ट्रेन का संचालन मुनाफे में आ सकेगा। गाड़ी संख्या 22489 लखनऊ मेरठ वंदे भारत एक्सप्रेस की चेयरकार में 15, 16 व 18 सितंबर को क्रमशः 281, 289, 360 सीटें रिक्त हैं। जबकि किराया 1300 रुपये तक पहुंच गया है। वहीं, एग्जीक्यूटिव क्लास में इन्हीं तारीखों में क्रमशः 30, 18, 26 सीटें रिक्त हैं। किराया 2365 रुपये है। ट्रेन नंबर 22453 राज्यरानी एक्सप्रेस की बात करें तो उसके चेयरकार, थर्ड व सेकंड एसी में 35 तक वेटिंग है। नौचंदी एक्सप्रेस की स्लीपर से लेकर एसी बोगियों तक में अगले तीन दिन वेटिंग चल रही है। सीटें रिक्त नहीं हैं।

## शेष : बारिश का कहर, पानी पर तैरा शहर



रोड, नुमाइश कैंप, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, महावीर चौक, प्रकाश चौक, कोर्ट रोड, आर्यपुरी, रेलवे स्टेशन के सामने वाली सड़क, रोडवेज बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन परिसर के अलावा गांधी कॉलोनी, पचैंडा रोड, आदर्श कॉलोनी, सुभाषनगर, अंकित विहार, नई मंडी की तमाम सड़कों, मुनीम कॉलोनी, जानसठ रोड, कूकडा मंडी, भोपा रोड पर तमाम कॉलोनियों व मुख्य मार्गों पर भारी जल भराव के हालात दिखाई दिए। सबसे खराब हालात शहर की निचली आबादियों में थे। रामपुरी, जनकपुरी, इंदिरा कॉलोनी, नई आबादी, रामलीला टीला आदि तमाम बस्तियों में हालात बेकाबू नजर आए। तमाम इलाकों में नालों के उफनने के बाद गलियों में सैलाब का नजारा था और घरों के भीतर घुसे पानी का रोकने का जतन लोग करते रहे, लेकिन नाकाम रहे। पानी घरों में घुसकर वहां गंदगी फैलाता रहा और लोग नगर पालिका की व्यवस्था को कोसते रहे। हालात ऐसे थे कि उसके आगे तमाम लोग बेबस नजर आए। बारिश के इस लंबे दौर के चलते मौसम में ठंडक का असर नजर आ रहा है। बीती रात जहां पारा 20.8



डिग्री तक आ गया। दिन में थोड़े समय मौसम खुलने के कारण जरूर अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री तक पहुंचा, लेकिन शाम के समय फिर बारिश शुरू होने के कारण मौसम में फिर ठंडक लौट आई और हवा धुड़धुड़ी चढाती रही। शाम की बारिश ने एक बार फिर चाट बाजार को ठंडा कर दिया। लोग हल्की बारिश और इसके तेज होने की आशंका के बीच घरों में कैद हो गए और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा।

## कुत्ते के काटने के 24 घंटों में ही बालिका की मौत

**शामली, 15 सितंबर (बु.)।** कांधला कस्बे के बिजलीघर रोड स्थित नई बस्ती में पागल कुत्ते के काटने के बाद उपचार के दौरान एक बालिका की मौत हो गई। बालिका की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। कस्बा स्थित नई बस्ती निवासी आरिफ की पांच वर्षीय बेटी रिया बीते शुक्रवार को घर के बाहर खेल रही थी। आरिफ ने बताया कि इसी दौरान एक पागल कुत्ते ने उसकी बेटी को बुरी तरह से काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को सीएचसी पर भर्ती कराया, जहां गंभीर हालत में उसे दिल्ली के लिए रेफर कर दिया था। दिल्ली अस्पताल में उपचार के दौरान शनिवार को बालिका रिया की मौत हो गई। परिजन शनिवार को मृतक रिया के शव को लेकर कस्बा स्थित अपने निवास पहुंचे। परिजनों ने गमगीन माहौल में बालिका को सुपुर्द ए खाक कर दिया है। सीएमओ डॉ. अनिल कुमार का कहना है कि मामले की जानकारी नहीं है।

# अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता से निपटें : योगी

## बोले : डीएम व एसएसपी प्रभारी मंत्रियों के निर्देशों का पालन करें

**लखनऊ, 15 सितंबर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी त्योहारों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि हर पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हों। शरारतपूर्ण बयान जारी करने वालों के साथ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कड़ाई से पेश आएं। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता से निपटें। सीएम ने कहा कि जिहाद, छेड़खानी और चेन स्नेचिंग हुई तो बीट सिपाही और डिप्टी एसपी नपेंगे। सीएम योगी ने रविवार की शाम अपने आवास पर लॉ एंड ऑर्डर की समीक्षा की। योगी ने कहा. माताओंए बहनों और बेटियों की सुरक्षा हमारी शीर्ष प्राथमिकता में हैं। इससे किसी भी प्रकार समझौता नहीं किया जा सकता। लव जिहादए चेन स्नेचिंगए ईव टीजिंग की छोटी से छोटी सूचना पर तत्काल एक्शन होना चाहिए। महिला पुलिस बीट अधिकारियों को एक्टिव रखें। पेट्रोलिंग जारी रखें। ऐसी घटनाओं पर बीट सिपाही से लेकर डिप्टी एसपी तक की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। सीएम ने कहा कि सभी जिलों में प्रभारी मंत्री की तैनाती की गई है। प्रभारी मंत्रियों का दौरा प्रत्येक माह होगा। जिलों में एक कोर कमेटी भी गठित की गई है। प्रभारी मंत्रियों के दौरे के समय सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें व अपनी विभागीय प्रगति से मंत्री को बताएं। प्रभारी मंत्री द्वारा दिये गए निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी व पुलिस कप्तान अपने जिले के प्रभारी मंत्री से सतत संवाद संपर्क बनाए रखें। जिले की गतिविधियों से उन्हें अपडेट करते रहें। जिलों के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती भी शीघ्र कर दी जाएगी। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार और एडीजी एलओ अमिताभ यश मौजूद रहे। सभी जोन के एडीजीए पुलिस कमिश्नर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक मंडलायुक्त, जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े।



## भेड़िया प्रभावित इलाकों में पहुंचे सीएम योगी

**बहराइच, 15 सितंबर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को बहराइच दौरे पर पहुंचे। उन्होंने हवाई सर्वेक्षण भी किया, फिर मानव-वन्यजीव संघर्ष में भेड़ियों के हमले में मारे गए लोगों के परिवार वालों से मुलाकात की। सीएम ने घायलों से मिलकर भी हालचाल जाना। सीएम ने सहायता राशि, घायलों को लगाए जाने वाले इंजेक्शन, पीड़ित परिवारों के स्वास्थ्य और बच्चों की पढ़ाई आदि की भी जानकारी ली। सीएम योगी आदित्यनाथ यहां मीडिया से भी मुखातिब हुए। सीएम ने कहा कि आमजन की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है, जब तक क्षेत्र खतरे से मुक्त नहीं हो जाता, वन विभाग, जिला प्रशासन-पुलिस टीम निरंतर यहां कार्य करेगी। वन विभाग की 165 लोगों की 25 टीम तैनात, 4 थर्मल ड्रोन से भी रखी जा रही नजरः सीएम योगी सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने मानव वन्य जीव संघर्ष को आपदा की श्रेणी में रखा है। जनहानि पर पीड़ित परिवार को तत्काल पांच लाख रुपये की सहायता उपलब्ध कराते हैं। जंगली जानवरों के हमले में घायलों के लिए एंटी रैबीज वैनम उपलब्ध कराई गई है। सीएम योगी ने कहा कि आमजन की सुरक्षा के लिए यहां वन विभाग की 165 लोगों की 25 टीम तैनात है। 4 थर्मल ड्रोन लगाए गए हैं। ए

## केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी को कहा- देश का सबसे बड़ा आतंकवादी; बोले- उन पर होना चाहिए इनाम

**पटना, 15 सितंबर (एजेंसी)।** कुछ घंटे पहले केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को 'विभीषण' कहा था




और अब रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने उन्हें देश का सबसे बड़ा आतंकवादी करार दिया है। बिट्टू बिहार दौरे पर हैं और यह बातें उन्होंने भागलपुर में कही। रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि जो देश के सबसे बड़े वांटेड हैं, जो राहुल गांधी ने बयान दिया है वही बयान पहले वह वांटेड देते थे, जो अभी राहुल गांधी दे रहे हैं। जो गोला बारूद बंदूक बनाने माहिर हैं उन लोगों ने राहुल गांधी के बातों को सराहा है और उनकी बातें राहुल गांधी ने कही है। जो देश के दुश्मन हैं, जो देश को उड़ा देने की कोशिश करते हैं, जहाज को और ट्रेन को उड़ाने की कोशिश करते हैं, जब वह लोग राहुल गांधी के स्कॉट में आ गए तब आप अंदाजा लगा लीजिए कि देश के नंबर वन आतंकवादी का इनाम अगर होना चाहिए, यह देश की एजेंसी को जो सबसे बड़े आतंकवादी को पकड़ के लाना चाहिए वह आज राहुल गांधी हैं।

# निषादों के आरक्षण को खाने वाली पार्टी है कांग्रेसः संजय निषाद

### ▶▶ मोदी-योगी अभिभावक के रूप में कर रहे जिम्मेदारी निर्वहन
### ▶▶ विकास कार्यो की समीक्षा कर अफसरों को दिए दिशा निर्देश
### ▶▶ केजरीवाल को बहुत पहले ही दे देना चाहिए था इस्तीफा

**मुजफ्फरनगर, 15 सितम्बर (बु.)।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश के मत्स्य पालन मंत्री संजय कुमार निषाद ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ देश-प्रदेश की जनता के अभिभावक के रूप में काम कर रहे हैं, जिनकी सोच है कि निचली पायदान पर खड़े लोगों को विकास की मुख्य धारा में लाया जाए। वह इसी दिशा में कार्य कर रहे हैं और वंचित लोग को विकास की मुख्यधारा में ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को बहुत पहले इस्तीफा दे देना चाहिए था, इस काम में बहुत देर कर दी गई। वहीं उन्होंने 70 वर्षो तक दलितों व पिछड़ों के अधिकारों को खाने का काम किया है, ऐसे में उन्हें देश में रहने का कोई हक नहीं है।

मत्स्य पालन मंत्री रविवार को विभागीय समीक्षा करने के लिए मुजफ्फरनगर पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने विकास भवन सभागार में जिले के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर कानून व्यवस्था व विकास कार्यो की समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने निषाद पार्टी व भाजपा नेताओं से भी मुलाकात की। विकास भवन में समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से वार्ता में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में अलग मत्स्य पालन मंत्रालय बनाया। पहले सोच थी कि मछली पालन के लिए बड़े पोखरे एवं तालाब चाहिए, तब मछली पालन कर सकते हैं। इस सोच को बदलने को प्रधानमंत्री लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने 33 परियोजनाएं उत्तर प्रदेश के लिए दी हैं। इसमें कम समय में मछली पालन कर सकते हैं। अब मछली पालन में मुनाफा बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अनुदान लेकर काम नहीं करने वालों के खिलाफ जांच करके कड़ी कार्रवाई करें। वहीं प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली के पालन पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी। उन्होंने यह मछली खाने से कैंसर जैसी बीमारी हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि मोदी व योगी सरकार प्रदेश में मछुआरा समाज के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। मोदी-योगी सरकार की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था पूरी दुनिया में पांचवे स्थान पर आ चुकी है, जबकि देश में उत्तर प्रदेश की अर्थ व्यवस्था दूसरे स्थान पर है। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए मंत्री संजय निषाद ने कहा कि देश-प्रदेश में निषाद समाज के आरक्षण फाइलों को दबाने के साथ ही उनके हकों को खाने वाली पार्टी के रूप में कांग्रेस को सदैव याद किया जाएगा।

इससे पूर्व मुजफ्फरनगर जिले में पधारने पर निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक में पहुंचे मंत्री संजय निषाद का प्रभारी जिलाधिकारी व सीडीओ संदीप भागिया समेत अन्य अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद मंत्री संजय निषाद सहारनपुर के लिए अपने काफिले के साथ रवाना हो गए।

पर्युषण महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

नौवा धर्म - उत्तम आकिंचन

मैंने जब संसार में होश संभाला को हर पर-वस्तु को ग्रहण करता चला गया। यह संपत्ति, मकान, दुकान, खेत, खलियान सब मेरे हैं। भाई, बहन, माता, पिता, पत्नी,बच्चे सब मेरे हैं, लेकिन सम्यग्दर्शन का भाव आते ही मैं बिलकुल अकेला हो गया। मेरा कुछ नहीं है, मैं सिर्फ आत्मस्वरूप हूँ। सम्यग्दर्शन के बिना आकिंचन धर्म की पालना संभव नहीं है। जब ये भाव आ जाये तो समझो महावीर जैसा साक्षी भाव हो गया। इसको ऐसे समझें जैसे इस संसार रूपी कीचड़ में सब कुछ हो रहा हैं और आप बिना करता भाव में होकर भी कमल की तरह खिल रहे हैं। ग्रहस्त में यहाँ तक सब संभव हैं। ग्रहस्थ छोड़ने के लिए मोहनिया कर्मो की निर्जरा होनी बेहद जरुरी हैं जभी ग्रहस्थ जीवन छूट पाता है और मोह की निर्जरा करने के लिए जातीय स्मरण होना जरुरी हैं जिसकी विधि हम बिलकुल भूल चुके हैं। पूर्व भव में जाया जा सकता है इसके प्रमाण भी मौजूद है। जातीय स्मरण एक विशाल प्रक्रिया है जिसमे पूर्व भव की तमाम जन्मों का स्मरण होना ही जातीय स्मरण कहलाता है और तत्काल ही मोह कर्म की निर्जरा हो जाती है। वापस मैं अपने आकिंचन धर्म की चर्चा पर आता हूँ । लेखनी तो बहुत लिख सकती है, लेकिन बस इतना कहूंगा परिग्रह को समझने की आवश्यकता है और सम्यग दर्शन को समझने की आवश्यकता है तभी उत्तम आकिंचन को समझा जा सकता है।



जय जिनेन्द्र!

डॉ. प्रदीप जैन लेखक चेयरमैन

Sanmati Institute of Learning

## पृथ्वी की तरफ आ रहा विशालकाय एस्टेरॉयड

**नई दिल्ली, 15 सितंबर (एजेंसी)।** काफी लंबे समय से एस्टेरॉयड को पृथ्वी के लिए खतरा बताया जा रहा है। कहा जाता है कि अगर कभी पृथ्वी से एस्टेरॉयड टकराता है, तो भयानक तबाही मच सकती है। कई बार एस्टेरॉयड के पृथ्वी से टकराने की संभावना जताई, लेकिन कभी ऐसा नहीं हुआ है। हालांकि, कहा जाता है कि एक पृथ्वी से एस्टेरॉयड की टक्कर हुई थी, जिसके बाद डायनासोर खत्म हो गए थे। अमेरिकी



अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने एक बार फिर एस्टेरॉयड को लेकर चेतावनी जारी की है। नासा ने कहा कि करीब 720 फीट का विशालकाय एस्टेरॉयड तेजी से धरती की तरफ बढ़ रहा है। यह विशालकाय एस्टेरॉयड आज यानी 15 सितंबर, 2024 को पृथ्वी के बेहद करीब से गुजरेगा। इस एस्टेरॉयड की गति 25,000 मील प्रति घंटे है, जो बेहद डराने वाली है। नासा ने बताया है कि धरती से यह एस्टेरॉयड 6,20,000 मील की दूरी से गुजरेगा। यह दूरी पृथ्वी और चांद की दूरी का 2.6 गुना है। यह दूरी भले ही बहुत ज्यादा है, लेकिन वैज्ञानिक इसे लेकर चिंतित हैं।

# प्रधानमंत्री ने झारखंड से देश को छह वंदे भारत ट्रेनों को सौगात दी

**रांची,15 सितम्बर (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को आज झारखंड की राजधानी रांची से टाटानगर-पटना समेत छह वंदे भारत ट्रेनों की सौगात दी। प्रधानमंत्री ने रांची से ऑनलाइन इन छह बंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की। उन्होंने कहा कि जब वह रांची हवाई अड्डे पर पहुंचे तब एक बहन ने उन्हें जावा दिया ।उन्होंने बिरसा मुंडा को नमन करते हुए करमा पर्व के लिए झारखंड के लोगों को शुभकामनाएं दी। प्रकृति के साथ नहीं देने के कारण कार्यक्रम स्थल पर नहीं पहुंच पाने के कारण प्रधानमंत्री ने झारखंड के लोगों से क्षमा मांगी है। उन्होंने झारखंड के लोगों को सभी विकास कार्यों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि झारखंड के 50 से ज्यादा स्टेशनों का कायाकल्प हुआ है और उत्तर भारत में रेल कनेक्टिविटी बढ़ी है।



उन्होंने 660 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। इसके अलावा 20 हजार प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई- जी) लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 660 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास किया और उन्हें राष्ट्र को समर्पित किया। झारखंड के देवघर जिले में मधुपुर बाईपास लाइन और हजारीबाग जिले में हजारीबाग टाउन कोंचिंग डिपो की आधारशिला रखा गया। मधुपुर बाईपास लाइन के पूरा होने के बाद हावड़ा-दिल्ली मेन लाइन पर ट्रेनों के रुकने की समस्या खत्म हो जाएगी। साथ ही गिरिडीह और जसीडीह के बीच यात्रा समय भी कम होगा। हजारीबाग टाउन कोंचिंग डिपो इस स्टेशन पर कोंचिंग स्टॉक के रखरखाव में मदद करेगा। प्रधानमंत्री कुरकुरा-कनारोअन दोहरीकरण परियोजना को भी राष्ट्र को समर्पित किया जो बंडामुंडा-रांची सिंगल लाइन खंड का हिस्सा है और रांची, मुरी एवं चंद्रपुरा स्टेशनों के रास्ते राउरकेला-गोमोह मार्ग का हिस्सा है। इस परियोजना से माल और यात्री यातायात की गतिशीलता बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी। इसके अलावा, आम लोगों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए 04 रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) को भी राष्ट्र को समर्पित किया । प्रधानमंत्री छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाया। अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें इन मार्गों पर कनेक्टिविटी में सुधार करेंगीः 1 टाटानगर—पटना, 2 भागलपुर - दुमका- हावड़ा, 3 ब्रह्मपुर - टाटानगर, 4 गया - हावड़ा, 5 देवघर-वाराणसी और 6 राउरकेला - हावड़ा। इन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के शुरू होने से नियमित यात्रियों, पेशेवरों, व्यापारियों और छात्र समुदाय को लाभ होगा। ये ट्रेनें देवघर (झारखंड) में बैद्यनाथ धाम, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में काशी विश्वनाथ मंदिर, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में कालीघाट, बेलूर मठ आदि जैसे तीर्थ स्थलों तक आवागमन के तीव्र गति वाले परिवहन प्रदान करके क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देंगी। इसके अलावा, धनबाद में कोयला खदान उद्योग, कोलकाता में जूट उद्योग, दुर्गापुर में लौह और इस्पात संबद्ध उद्योगों को भी काफी बढ़ावा मिलेगा। सभी के लिए आवास की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप झारखंड के 20 हजार प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। वह लाभार्थियों को सहायता की पहली किस्त जारी किया। मौसम खराब होने के कारण प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर रांची से जमशेदपुर नहीं जा पाया। उद्घाटन और शिलान्यास सरकारी कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री गोपाल मैदान जमशेदपुर की रैली में शामिल होने के लिए सड़क मार्ग से रांची से जमशेदपुर के लिए रवाना हुए।

## चौ. राकेश टिकैत ने नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री से की मुलाकात

**मुजफ्फरनगर।** रविवार को दिल्ली स्थित नेपाल दूतावास में पहुंचकर नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री कम्युनिस्ट पार्टी एकीकृत समाजवादी के अध्यक्ष माधव कुमार से भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता किसान नेता राकेश टिकैत ने मुलाकात की। उनके साथ पूर्व राजदूत रमेश कुमार हमाल और ला विया केंपसीना साउथ एशिया के भारतीय किसान यूनियन संगठन के साथी किसान महासंघ नेपाल के महासचिव परमेश पोखराल मौजूद रहे। दूतावास में कार्यरत कर्मचारियों ने गुलदस्ता भेंट कर किसान नेता का स्वागत किया। भाकियू नेताओं के साथ हुई इस मुलाकात में दोनों देशों के बीच में खेती-किसानी को सशक्त और मजबूत करने के साथ ला विया केंपसीना को साउथ एशिया में सशक्त बनाने सहित सभी मुद्दों को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान वहां मौजूद रहे सभी साथियों ने भारतीय किसान यूनियन के साथ भारत व नेपाल में खेती बचाओ अभियान को ओर मजबूती के साथ चलाने का प्रण लिया।